शायद इस बात को मेरे सोशलिस्ट दोस्त भी जानते होंगे । मैं समझता हूं कि वे लोग अब 40 साल से ऊपर के हो गये हैं इसलिए ऐसा मालूम होता है कि वे यह सोशलिज्म की बातें भूल गये हैं ।

बजट देखने के बाद मुझे कुछ नहीं मालूम होता कि आप स्मगलर्स के वास्ते क्या करने जा रहे हैं ।

मैं चाहता हूं कि जितने स्मगलर हैं और ब्लैक मार्किट करने वाले हैं उन को कंट्रोल किया जाए । अभी तक आपने उनके खिलाफ कोई कार्यवाई नहीं की है ।

स्टेटमेंसी आफ एग्रिकलचर के बारे में आप ने बहुत कुछ कहा है । आपने तो ऐसी बात कही जिससे यह ध्वनित होता है कि इससे पहले वाली कांग्रेस सरकार ने एग्रिकलचर के बारे में कुछ किया ही नही था । रोड्ज के बारे में, पोलट्री फार्म्ज, डेरी, वेजीटेबल, सरिकलचर, ड्रिंकिंग वाटर आदि पर जो आपने बहुत ज्यादा जोर दिया है उससे आपने यह सिद्ध करने की कोशिश की है कि इससे पहले कांग्रेस सरकार ने इन क्षेत्रों में कुछ नहीं किया था । बीस सूत्री कार्यक्रम को आप देखें । उस में यही बातें थी, एग्रिकलचर से सम्बन्ध रखने वाली बातें थीं जिन पर सब से ज्यादा जोर दिया गया था । यह अलग बात है कि कुछ गलतियां हो गई । लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि बीस सूत्री कार्यक्रम अच्छा नहीं था । आप जितना रूरल डिवेलेपमेंट करने की बात कर रहे हैं उससे कहीं ज्यादा हम ने किया था। अभी भी जो कांग्रेस सरकारें हैं वे भी कर रही हैं। आपको तो मालूम ही है कि इलैक्शन में किन लोगों ने आपको स्पोर्ट दी है । सब बड़े बड़े जमींदार लोग थे जिन्होंने आपको स्पोर्ट किया है । इसलिए जनता पार्टी आ सकी है। उनको यह भरोसा था कि अगर जनता पार्टी

आ गई तो उनके पास जो जमीनें हैं उनको वे रख सकते हैं । उन पर सीलिंग का कानून आगे लागू नहीं होगा । लैंड रिफार्म्ज की बात आपने निकाल ही दी है, उसका जिक्र तक नहीं किया है । आप लोग उनकी स्पोर्ट ले कर चल रहे हैं । यह अच्छी बात नहीं है । अगर इसी तरह से आप चलते रहे तो मैं कहता हूं कि देश में इनकलाब हो जाएगा और इससे न आपको फायदा होगा और न ही हम को होगा, इससे फायदा मार्क्सिस्ट दोस्तों को होगा, वही लोग इससे बैनिफिट उठा सकेंगे । इस वास्ते मैं अभी से आपको इसके बारे में वार्न कर देना चाहता हूं । लैंड रिफार्म्ज आदि पर आप अभी से ज्यादा ध्यान दें ।

इरिगेशन के बारे में मैं आपको दो चार सजैशंज ही देना चाहता हूं । आप तो जानते ही हैं कि तीस परसेंट लैंड ही अंडर इरिगेशन है, बाकी सत्तर परसेंट में इरिगेशन फैसिलिटीज नहीं है । डा० के एल० राव ने बहुत अच्छा सुझाव दिया था । जहां आपने इरिगेशन फैसिलिटीज प्रोवाइड नहीं की है उसके लिए उन्होंने सुझाव दिया था कि गंगा और कावेरी को मिला दिया जाए तो बहुत अच्छा होगा और वहां यह फैसिलिटी उपलब्ध हो सकती है ।

रिवर वाटर डिसप्यूट्स भी अभी तक कुछ पैंडिंग पड़े हुए हैं । कांग्रेस गवर्नमेंट ने कुछ को हल कर दिया था । फिर भी अभी कावेरी का डिसप्यूट बाकी है । इसको तथा दूसरों को आप सैटल करने की कोशिश करें ।

मैं अब पावर के बारे में कहना चाहता हूं । रामचन्द्रन साहब बैठे हुए हैं यह खुशी की बात है । आंध्र प्रदेश की सरकार ने आपके पास पावर के बारे में एक रिक्वैस्ट भेजी है ।

Regarding super thermal power station at Ramagudam, plenty of labour is available there and Godavari water is there. The labour is very cheap and everything is available there. The only thing is that because of Congress Government there, You should not discriminate. I think, the hon. Minister will not discriminate. If this super thermal power station is established there, not only the problem of solved. My request to the Minister Andhra but whole of south will be solved. My request to the Minister through you, is that he must see that this super thermal power station at Ramagudam is established.

डिफेंस एक्सपेंडिचर आपने 56 करोड़ कम कर दिया है । ऐसा करके आपने अच्छा नहीं किया । इससे पता चलता है कि श्री जगजीवन राम की कुछ नहीं चल रही है जनता पार्टी में । अगर चलती होती तो कोई कट न किया गया होता । उनका शीर्ष ही इससे कटा हुआ मालूम होता है ।

बजट स्पीच में आपने 21 करोड़ रुपये का कट लगाया जिसका बैक्वर्ड एरियाज में न्यू रेलवे लाइंज का विकास करने में असर पड़ेगा । इससे उनको नुक्सान पहुंचेगा । रेलवे में जो एलोकेशन पहले था उसको आप बहाल करें, इस कमी को आप पूरा करें ।

वाइजग स्टील प्लांट श्री पटनायक उड़ीसा में ले जाना चाहते हैं । यह ठीक नहीं है । इसी तरह से सुपर थर्मल पावर की बात है । अगर ये दोनों वहां न किए गए तो बहुत नाइंसाफी होगी और इसके खिलाफ बड़ा एजीटेशन होगा । अगर इस प्लांट को आप उड़ीसा में ले गए तो यह बड़ी भारी सैलफिशनैस होगी । यह एक नैशनल प्राजैक्ट है । इससे न सिर्फ आंध्र को फायदा होगा बल्कि सारे देश को होगा । यह ऐसी चीज है जिसको आप निगलैक्ट नहीं कर सकते हैं । अगर निगलैक्ट करेंगे तो आपको इसके बहुत बुरे नतीजे भुगतने पड़ेंगे, यह मैं आपको आज वार्निंग देना चाहता हूं ।

[श्री एम० सत्यनारायण राव]

न्यूकलियर पावर स्टेशन के बारे में भी एक प्रोपोजल आंध्र प्रदेश से आई है। मैं समझता हूं कि आप ने एक्सपर्ट कमेटी भी कांस्टीट्यूट की है। इस सिलसिले में रिपोर्ट क्या हुई है उसको भी आप देखें।

दूसरी बात मुझे यह कहनी है कि ओटोमोबाइल टायर्स का जो प्रोजैक्ट है मंगलगिरि प्रोजेक्ट, इनको भी पूरा कीजिये। ऐग्रीकल्चर के बारे में जो रूरल सैक्टर में आपने कहा है अपनी स्पीच में कि पहली कांग्रेस सरकार ने इस सैक्टर को नैग्लैक्ट किया है, इस के बारे में मैं आपको बताना चाहता हूं कि जो ऐलोकेशन आपने किया है वह 3,024 करोड़ है जब कि कांग्रेस सरकार ने इस पर 3,447 करोड़ रु० का ऐलोकेशन किया था। मतलब यह हुआ कि आपने 400 करोड़ रुपया इस सैक्टर में कम कर दिया। तो आप जो इतना बढ़ चढ़ कर बोल रहे हैं कि ऐग्रीकल्चर सैक्टर, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज और खादी पर हम काफी पैसा लगा रहे हैं वह तथ्य से दूर है। वास्तविकता यह है कि आप इस में कटौती कर रहे हैं।

MR. SPEAKER: Now, before I leave the Chair, I want to say something. The Congres party has exhausted all its time. But from the Speaker's time, I gave some time to Mr. Satyanarayan Rao. The CPI has not taken any time. The A.I.A.D.M.K. has also not spoken at all. The Janata Party has got 1 hour and 44 minutes. Some Members from their side also will be called. If they take 5 minutes each, a large number of Members can be accommodated. I am trying to explain the position for the guidance of the next Chairman.

SHRI O. V. ALAGESAN (Arkonam) Sir, on the first day, it so happened that one Member from the Government side and one from the Congress side were called. Yesterday, for one on our side two or three were called from the other side. They were not ready with their speakers on the first day. So, we were asked to speak. Many of us have now been prevented from speaking. In your discretion, You may give some more time to us.

MR. SPEAKER: It is not a question of the number of speakers but it is the time that is allowed. From the Congress side, the senior Members, the ex-Ministers and the ex-Chief Ministers have taken 30 to 40 minutes each. From the ruling party-side, they are making maiden speeches of 5 to 7 minutes each. The Speaker has got some spare time which can be given. But don't demand it. Nobody from the C.P.I. and the A.I ADMK has spoken.

Now, I call Mr. Govindan Nair from the C.P.I. to speak. After him, the A.I.A.D.M.K. Member will speak. Then, the Janata Party Members will have 5 minutes each so that a large number of Members can speak from their side.

श्री ओम प्रकाश त्यागी (बहराइच) : अध्यक्ष महोदय, आप जो समय अलाट करते हैं तो शुरू के स्पीकर अधिक समय ले जाते हैं और पीछे वालों के लिये 5, 5 मिनट का समय रह जाता है।

MR. SPEAKER: That is why I say it will be given now.

SHRI HARI VISHNU KAMATH (Hoshangabad): I would like to make a brief submission and request that the time allotted may in line with what used to happen in the House from 1962-72 again be restored—that tradition may be restored. From 1962 to 1972, the time allotted for discussion on general debate used to be 20 hours. It was only after 1972 that it was reduced to 15 hours. Let us reverse that tradition and go back to the earlier tradition.

MR. SPEAKER: This time we have begun discussion on the Budget late because of elections all over the country. A number of demands will be guillotioned. If you want more general discussion, then some time is required. Yesterday, the Business Adisory Committee had discussed all these aspects and they had also accepted this schedule. Now Mr. Govindan Nair.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR (Trivandrum): Mr. Speaker, Sir permit me, at the outset, to congratulate the Janata Party on their glorious victory in the Lok Sabha as well as in the Assembly elections. Now they are comfortably settled on Government both at the Centre and in most of the States. The line is now clear for them to fulfil the promises they had made to the people. I am not blaming the Janata Party if they do not join the socialist creed. But they had assured the people that they would uphold the democratic values, they would reflect the Constitution both in words and spirit and they will follow the democratic norms in their functioning.

So I am judging them by what they had promised and I am sorry to note that inspite of the repeated assurances they have given—from the papers, all of you must have known—defections are being encouraged. A number of Lok Sabha, Rajya Sabha and Assembly Members are now crossing over to the Janata Party.

SHRI C. SUBRAMANIAM (Palam): Tempted to cross over.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR: There are defections or an exodus, I do not know. But this goes very much against the assurances that the Prime Minister himself has given. It is a shame to convert our Assembly members into Aya Rams and Gya Rams. It was expected especially when the Prime Minister himself had made a categorical statement that he would never permit anybody to cross-over and join the Janata Party. Only a few days have passed since this statement was made and you can see what is happening now. Not only Lok Sabha and Rajya Sabha Members are crossing over, but the big news is that a number of MLAs are also crossing over to the Janata Party. This is something which is deplorable. The point is what the Prime Minister himself says today just the opposite happens the very next day. Where is the credibility? How are we to function? Therefore, I think steps should be taken to see that this kind of defections do not take place. I am interfering with the liberty of any person to join any political party, but if he wants to do so he should resign his membership of Legislative Assembly or of Parliament and then join another party. I hope the hon. Prime Minister will give attention to the point I have raise.

Secondly, I was very much amused that was taking place in this House between the Congress Party and the Janata Party. Mr. Subramaniam spoke for the Congress Party. Well, he knows that this Budget of the Janata Party was also made of the same mould which he had prepared except that it was disfigured by dropping certain basic features to give it the Janata look. That is all. In the main, we expected a new approach as they were saying that they were going to change the life of the rural people in this country. They said that they would eradicate poverty and unemployment. I am quite sure the Finance Minister did not consult even his colleagues when he prepared the Budget. I say this because they are speaking so much about unemployment, especially among the rural people. And what is the allotment that they have made? They have allotted Rs. 35 crores for khadi and village industries and Rs. 20 crores for handlom. He must be completely ignorant of the condition of the handloom workers or the handloom industry. If he were so, he could have

[Shri M. N. Govindan Nair]

consulted his friend and colleague, Mr. Charan Singh, who is an expert on handloom industry. The Finance Minister has allotted Rs. 20 crores for handloom. Does he know that the accumulated stock with the cooperatives and the weavers organized under them alone will cost more than Rs. 20 crores? They claim that they will give employment to 25 lakh people. Will they be able to maintain the existing weavers to carry on their work and make a living? The solution that the hon. Home Minister has been suggesting will finish off both handloom industry as well as the textile industry. I am not going into that now.

He has allotted Rs. 35 crores for khadi and village industries. Many a time the functioning of the khadi and village industries has been discussed in this House. I do not want to comment on it, but I can only say that, in spite of the tall talk they have made, nothing has been done to tackle the problem of unemployment. Now, they were speaking about allocation for development of agriculture. From the Report before us it is very clear that our main drain of foreign-exchange, even to this day, is in respect of agricultural products, for food—not only cereals but edible oils and pulses etc. All these things are sought to be got from other countries. We claim that our economy is agrarian but even today, after thirty years, we are in a position where we have to depend on other countries for our essential commodities. This state of affairs must change. When an emphasis or an overemphasis was laid on this by the Janata leaders, I thought there would be sufficient provision at least to improve upon what the previous Governments were doing. They have said that agriculture should be modernised. Everybody knows that if you want to increase agricultural production, it should be modernised. That means there should be irrigation facilities there should be fertilisation, new hybrid variety of seeds should be used etc. Now, I ask you, is there any provision other than the normal one for increasing the utilisation of any of these things in the field of agriculture? You are speaking about poultry; you are speaking about dairying and, for all these things that you are speaking of, some money has already been allocated. But to make a radical change, has there been any change in the allocations? There is none. For approach roads, transport infrastructure etc., what is the allocation? Which are the new Railway lines we are going to open? Which are the new roads we are going to construct? I am sorry to say that for none of these vital things has sufficient allocation been made so as to effect a real change in the rural economy of the country.

If you want to change the rural life of the people, one important thing, which I forgot to mention, is land reforms. No mention of this has been made in this budget. Of course, I don't say that the word itself has not been mentioned: the word has been mentioned, but what is the provision in the Budget for taking up land reforms seriously? I come from a State where land reforms were implemented. Have you any idea of the number of landless people in this country? How are you going to solve their problems unless you enforce radical land reforms and distribute land to the cultivators? Speaking from my experience, lakhs of people in my State were destitutes and they have been provided with land. Unless the Janata Party takes up the question of land reforms seriously, they are not serious about the development in the rural sector.

13 hrs.

When you speak about the rural population and when my friends on the other side harp on democracy and democratic values, we have to see what is the state of affairs in the rural side. You and I become very eloquent and our moral indignation knows no bounds when we hear racial discrimination outside our country, but what is happening in your own vil-

lages? Do you treat the backward people in the villages, the Harijans as your equals? Bihar is the home State of Jayaprakash Narayan; this State is otherwise also very important. During the last one and a half years, the number of Harijans killed according to Government reports is 100 and the number of Harijan women raped is 75. The atrocities committed during the last few years have been increasing. In 1972, the number of cases of attrocities against the Harijans was 98, in 1973, it was 105, in 1974, it was 259, in 1975, it went upto 300 and in 1976, it was 1200. For the year 1977, the Government have not published the figures as yet, but we know, what has been happening in Bihar. You have read about how people were burnt to death in Bihar. The explanation given by the Home Minister was that it was a fight between two criminal gangs and they killed each other, but why is it that only Harijans were killed? Is that the only State with this situation? What about Gujarat, what about Andhra Pradesh and what about Tamil Nadu? You speak about democracy. Democracy for whom? For us, for the elite, not for the poor people?

If you want a change in the society, you have to raise the status of these people and protect them from the socially dominating section. I am sorry to say that after the Janata Government have come, the rural rich feel that it is their Government and their aggression on the poor section of the people is on the increase. I am not blaming any particular party for this state of affairs because we had inherited an undemocratic society. Centuries of tradition, sanctity of religion—all these are so deep-rooted that unless the entire people move against these and try to mould a democratic society out of our village people, all talk of democracy has absolutely no meaning. Therefore, if you want to make a change in the rural life of the people, the first thing is that you have to come forward with land reform. Secondly, you have to democratise the village society and thirdly you will have to find employment for them. Some people say that they are following Gandhian economics. Well, in my own way I have tried to understand Gandhiji. Gandhiji was murdered, physically murdered, but don't try to kill him spiritually also by saying that it is the Gandhian economics you are going to follow. When he raised the slogan of village industries, it was the time of the freedom struggle. When against the economic enslavement of the people of the country he had given a call, the spirit of the call was to struggle against the economic enslavement from the British imperialism and also develop a sense of self-reliance. If this spiritual Gandhian politics is forgotten, you are rejecting Gandhiji because I often heard that you are again restoring Gandhian values. How it has been worked out in villages, I have already told you. There also, in today's circumstances, if you want to build up your economy, if you want to solve the problem of unemployment, sticking on to village industries alone will never do. You have to have modern industries also. People here are speaking about Japan, about Sweden and say, 'Let us follow them'. But, have you studied their economy? Japan is one of the most highly industrially developed nations of the world. They are competing and defeating even the highly developed countries of the world and with the ancillary industries in the villages, they are providing jobs. Now, if you forget this and if you want to turn this nation into a hermit nation, you will not be able to survive.

Here also, the emphasis that the earlier governments have given on public undertakings is not there and what it means also one can understand. If you want to leave industries to the private sector, if you want to encourage them, well, that would be at the risk of industrial

[Shri M. N. Govinda Nair]

development. Well, if there is another occasion, I will speak about it.

Now, Sir, much is talked about these small scale industries. The small scale industries, just as in the case of others, are also talked about. But what is he provision in the budget? Now everybody is praising him for reducing the deficit. This reduction has been caused by shifting certain sectors. This is how the reduction was made.

I ask a question—can any small scale industry survive with the present rate of interest which has to be paid to the banks? There is a small percentage of the advance that they make which you can get at a lower rate of interest. Even that percentage has not been raised. According to the existing arrangement if you pay half a per cent of the advance, you get at a lower rate known as differential interest rate. But that is only for half a per cent. It will benefit only a very small percentage. Even that has not been changed.

I do not want to take much of the time. I only say that the assurance and promises that the Janata Party has made to the people of this nation are not at all reflected in this Budget and I am sure, unless a radical change in the entire approach is made, our country will head to an economic crisis.

MR. SPEAKER: We extend our discussion. The hon. Minister will reply to-morrow at about 15.30 hours.

श्री विजयकुमार मलहोत्रा (दक्षिण दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, इस बजट को जनता पार्टी का बजट कह कर, मेरे से पहले बोलने वाले माननीय सदस्य ने और कांग्रेस के अन्य माननीय सदस्यों ने इसकी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि जनता पार्टी ने जो वादे किये थे, जनता पार्टी ने जो उम्मीदें लोगों को दिलायी थीं उनका कोई रिफ्लेक्शन इस बजट में नहीं है। अध्यक्ष महोदय, कोई भी समझदार आदमी यह उम्मीद नहीं कर सकता है कि इस बजट के अन्दर जो वादे जनता पार्टी ने किये, उनका पूरा रिफ्लेक्शन इस बजट के अन्दर हो सकता है। यह बजट सितम्बर, अक्टूबर, 1976 में बनना शुरू हुआ, जनवरी में इसको पूरा कर दिया गया। जनवरी में जो बजट कम्प्लीट कर दिया गया हो, क्या उस बजट में जून में कोई खास चेंजिज की जा सकती हैं? यह बिल्कुल ही नामुमकिन बात है। क्या प्लान के फोर्थ इयर में, चौथे साल में कोई रेडिकल चेंजिज हो सकती थी। यह एक तरह से मुश्किल सी बात है, नामुमकिन सी बात है। क्या चौथे साल की कैरी ओवर स्कीम्स को बीच में छोड़ा जा सकता है, अधूरा छोड़ा जा सकता है? उनको पूरा करना बहुत जरूरी है। इसलिए मैं तो यह कहना चाहता हूं कि यह बजट कांग्रेस का बजट है, पिछले साल में तैयार किये गये बजट के मुताबिक इसको बनाया गया है। लेकिन हमारे विन मंत्री जी ने इस बजट में एक दिशा निर्देश दिया है जिसके लिए मैं उनको मुबारकबाद देना चाहता हूं।

13.14 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair.*]

इन सर्कमस्टांसिज में, इन हालात में जबकि बहुत कुछ करने की गुंजाइश नहीं थी, उनमें भी इस बजट में जनता पार्टी का रिफ्लेक्शन देने की कोशिश की गयी है। सब से पहली इम्पार्टेंट बात इसमें यह है कि जो घाटा 632 करोड़ का एक्सपैक्टिड था उसको उन्होंने कम कर दिया है और उसको वह केवल 72 करोड़ पर ले आए हैं। पिछले बारह सालों में 1969–70 को छोड़ कर इससे कम घाटा कभी नहीं दिखाया गया। इतना कम घाटा दिखाने वाला जो बजट उन्होंने हमारे सामने रखा है यह कोई मामूली बात नहीं है। अब

इसकी जो आलोचना करते हैं उनके लिए मैं यही कह सकता हूं कि वे आलोचना करने के लिए ही ऐसा कर रहे हैं। एक बात साफ है कि जनता पार्टी कीमतें कम करने के लिए घाटे की अर्थ व्यवस्था को खत्म करने के लिए कटिबद्ध है और इसी दिशा में उसने अपनी एफर्टस का डायरैक्ट किया है।

सुब्रह्मण्यम साहब तथा दूसरे दोस्तों ने कहा है कि यह कैपिटलिस्ट बजट है, पूंजीवादी बजट है, इस में पूंजीपतियों का पोषण किया गया है। उन्होंने कहा है कि जो समाजवाद कांग्रेस हमारे देश में लाई थी उसको यह जनता सरकार खत्म न करे। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या समाजवाद का नाम लेने की स्थिति में वे आज भी अपने आपको पाते हैं? क्या ऐसा कहते हुए उनको संकोच नहीं होता है या लज्जा का अनुभव नहीं होता है? मैं पूछना चाहता हूं कि पिछले तीस साल में कांग्रेस के चार प्लांज के बाद भी क्या यह हकीकत नहीं है कि बड़े बड़े पूंजीवादी जो घराने हैं, कैपिटलिस्ट हैं, बिड़ला, टाटा हैं उनके यहां पर दौलत सौ-सौ गुना अधिक बढ़ गई है? जो लोग पचास करोड़ की मिलकियत के थे 1950 में आज वे 1800 करोड़ की मिल्कियत वाले हो गए हैं। उसके साथ ही दूसरी तरफ चालीस परसेंट लोग ऐसे हैं जो पावर्टी लाइन के नीचे चले गए हैं, सबसिस्टैंस लेवल के नीचे चले गए हैं। रेट आफ ग्रोथ सारे भारत में पिछले बीस साल में तीन परसेंट एवरेज भी नहीं बैठता है जबकि बड़े बड़े मौनोपोली हाउसिस के एवरेज रेट आफ ग्रोथ को आप देखें तो वह 18 परसेंट तक चला गया है। यह कांग्रेस के समाजवाद का बमूना है जिस ने केवल पूंजीवाद पैदा किया चाहे वह सरकारी पूंजीवाद हो या निजी पूंजीवाद हो। इसके बावजूद भी वे कहें कि वे समाजवाद लाना चाहते थे तो सिवाय आश्चर्य के कुछ नहीं होता है।

1969 में जब कांग्रेस का विभाजन हुआ और जब सुब्रह्मण्यम साहब ने क्विट पावर्टी का नारा दिया उस समय हिन्दुस्तान के लाइव रजिस्टरों में कुल मिला कर 31 लाख लोगों के नाम, बेरोजगारों के नाम दर्ज थे। उसके बाद वह समाजवाद लाए और और उसका नतीजा यह है कि आज 1976 में पिछले साल प्लान के अन्दर जो आंकड़े दिए गए हैं उनके मुताबिक 97 लाख 84 हजार बेरोजगारों के नाम वहां दर्ज थे। इसका मतलब यह होता है कि तीन सौ परसेंट की उसके अन्दर बढ़ौत्तरी आज हो गई है। उसके बाद भी कोई समाजवाद की बात करे तो उन्हें क्या कहा जाए।

1976 में पांच लाख 20 हजार गांव देश में ऐसे थे जिन में पीने का पानी उपलब्ध नहीं था। तीस करोड़ से अधिक ऐसे लोग हैं जिन को प्राइमरी हैल्थ सेंटर की कोई सुविधा बीस मील के घेरे में उपलब्ध नहीं है। करोड़ों बच्चे हैं जो स्कूलों में नहीं जा सकते है, स्कूलों में उनकी पढ़ाई नहीं होती है और जो भीख मांगते हैं या जो छोटे छोटे कारखानों में काम करते हैं। जनता पार्टी इस तरह की जो डिसपैरिटीज हैं जो समाजवाद के नाम पर यहां क्रियेट की गई है यकीनी तौर पर उनको खत्म करना चाहती हैं, भारत के माथे पर यह जो कलंक का टीका है इसको धोना चाहती है।

सब से बड़ी हैरानी की एक और बात है। कांग्रेस के बहुत से मित्रों तथा कम्युनिस्ट पार्टी के मैम्बरों ने चौधरी चरण सिंह की इस बात के लिए आलोचना की हैं कि उन्होंने कहा था कि वह भारत में काटेज इंडस्ट्रीज को, स्माल स्कैल इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देना चाहते हैं, जो कंज्यूमर आइटम्ज हैं और जो काटेज इंडस्ट्रीज बना सकती है उनको बड़ी इंडस्ट्रीज के बनाने पर बैन लगा देना चाहिये। उनकी इस बात पर उनको बड़ी तड़पन हुई और उन्होंने

[श्री विजय कुमार मलहोत्रा]

कहा कि इससे जो माडर्न नो हाऊ है वह खत्म हो जाएगा, भारत में बैकवर्डनेस आ जाएगी, भारत पीछे चला जाएगा। उनका तड़पना मेरी समझ में आता है। जिन पूंजीपतियों से करोड़ों रुपया ले कर जो हमेशा चुनाव लड़ते रहे हैं जो उनके जर खरीद गुलाम हैं उनकी तरफ से पूंजीपतियों की वकालत न हो यह कैसे हो सकता था। उन पूंजीपतियों पर आज अगर चोट होती है तो इनका तिलमिलाना मेरी समझ में आता है।

एक दो फिगर मैं और देना चाहता हूं। पहले प्लान में स्माल स्केल इंडस्ट्री के वास्ते 4 करोड़ 20 लाख रुपया रखा गया था और बड़ी के वास्ते 6 करोड़ 50 लाख। यानी करीब करीब बराबर दोनों के लिए पहले प्लान में प्राविजन किया गया था। लेकिन 1976-77 में पिछले साल स्माल स्केल इंडस्ट्रीज और काटेज इंडस्ट्रीज के वास्ते जहां प्लान में 95 करोड़ रखा गया वहां बड़ी इंडस्ट्रीज के वास्ते 2185 करोड़ रुपया रखा गया। बड़ी इंडस्ट्री को स्माल स्केल इंडस्ट्री से करीबन 20, 21 गुना प्रोवीजन 1976-77 में रखा गया। नेशनलाइज्ड बैंक्स ने बड़ी इंडस्ट्रीज को 90 परसेंट लोन दिया और स्माल स्केल इंडस्ट्रीज को 10 परसेंट लोन दिया। इम्पोर्ट लाइसेंस 1975-76 में छोटी इंडस्ट्री को 87 करोड़ के दिये गये जब कि बड़ी इंडस्ट्री को 620 करोड़ रु० के दिये गये। 10 परसेंट केवल इम्पोर्ट लाइसेंसेज छोटी इंडस्ट्री पर गये। छोटी इंडस्ट्री ऐम्प्लायमेंट देती है 60 परसेंट और बड़ी इंडस्ट्री देती है 40 परसेंट। लेकिन सारे लोन्स, इम्पोर्ट लाइसेंस स्केयर्स रा-मैटीरियल बड़ी इंडस्ट्री 90 परसेंट ले जाती है। इसी कारण से गरीब और गरीब होता चला गया और अमीर और अमीर होता चला गया। इस का एक ही रास्ता है कि देश देश में जितने कन्ज्यूमर्स आइटम्स हैं यह बड़ी इंडस्ट्रीज न बनायें बल्कि छोटे छोटे सैक्टर और काटेज इंडस्ट्रीज में बनें तभी देश के अन्दर से डिस्पैरिटी खत्म हो सकती है और इकोनामिक पावर का डीसेन्ट्रेलाइजेशन हो सकता है। जो कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी के लोग बड़ी इंडस्ट्री की वकालत करते हैं और वर्ग संघर्ष के नाम पर उस को बनाये रखना चाहते हैं तो गरीबों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रहे हैं।

रेट आफ ग्रोथ जो चौथी प्लान में 28 परसेंट होनी चाहिये थी वह केवल 14 परसेंट हुई। 1976-77 में रेट आफ ग्रोथ 2 परसेंट रही है। रेट आफ ग्रोथ का टार्गेट जब तक 6, 7 परसेंट नहीं किया जाएगा और जब तक उस के लिये प्लान ऐक्सपेंडिचर जो बढ़ाना चाहिये वह नहीं बढ़ाया जायगा तब तक देश में से 10 साल में पूरी बेरोजगारी समाप्त करने का जो हमारा संकल्प है वह पूरा नहीं हो सकता है। इसलिये अगले साल के प्लान में इस टार्गेट को बढ़ाना पड़ेगा और रेट आफ ग्रोथ के लिये बोल्ड स्टैप ले कर 6, 7 परसेंट एक वर्ष के हिसाब से करना पड़ेगा।

कुछ दोस्तों ने शिकायत की कि हरिजनों और आदिवासियों के लिये तथा स्लम्स आदि के लिये ज्यादा रुपया नहीं रखा गया है। मैं नेशनल इवैलुएशन काउन्सिल में 5 साल तक मैम्बर रहा हूं, मुझे मालूम है कि सब स्टैट्स इस बात के लिये आग्रह करती रहीं कि जो कुछ भी ग्रान्ट्स, उन को मिलती हैं वह सारी उनको दे दी जाय और स्टैट्स फिर आगे उन को अलग अलग सैक्टर में अलोकेट करेंगी। मैं कहना चाहता हूं कि इस पैटर्न को फौरन बदलना चाहिये क्योंकि लम्पसम ग्रान्ट और अनिस्पैंड चली जाने के बाद जो स्लम डैवलर्स हैं, बीकर सैक्शन हैं, हरिजन और आदिवासी हैं उन को सब से ज्यादा नुकसान पहुंचता है। उन को स्टैट्स के अन्दर रुपया नहीं दिया जाता है। इसलिये एक स्पैसिफिक ऐलोकेशन होना चाहिये और स्टैट्स उस के अन्दर खर्च करें तभी उनको पैसा मिलना चाहिये और इसी मद के अन्तर्गत

उस पैसे को स्टेट्स खर्च करें। शुरू में यही पटर्न था कि जो रुपया रखा जाता था वह सारा स्टेट्स में हरिजनों और आदिवासियों पर खर्च होता था। लेकिन जब से लम्प सम रूपया स्टेट्स को दिया जाने लगा तब से उस काम पर पैसा खर्च न हो कर अपने अपने क्षेत्रों को लोग फायदा पहुंचाने लगे। इसलिये मेरा कहना है कि इस पैटर्न को चेंज किया जाय और इस प्लान में कुछ रुपया इस के लिये रखें। वित्त मंत्री जी ने आश्वासन दिया है कि वह कुछ पैसा बढ़ा लेंगे अगर स्टेट्स कोआपरेट करने के लिये तैयार हैं तो। लेकिन स्पेसिफिक ऐलोकेशन इस के लिये जरूर हो और स्टेट्स को कहा जाय कि यह रूपया इसी मद के अन्दर खर्च करना होगा तभी उन को इस के लिये असिस्टेंस मिलेगी।

मैट्रोपालिटन सिटीज में जो स्लम्स है उन के बारे में भी कोई स्पेसिफिक ऐलोकेशन नहीं किया गया। वह जरूर होना चाहिये और जो कांग्रेस सरकार ने कर रखा था कि जो सरकारी जमीन पर स्लम्स है उनमें कोरपोरेशन कोई सुधार नहीं कर सकती, इस बैन को कम से कम हटा देना चाहिये। दिल्ली, बम्बई कलकत्ता, मद्रास में सेन्ट्रल गवर्नमेंट की जमीनों पर नरक की जिन्दगी बिताने वाले जो लोग हैं उन के अन्दर कोई सुधार करना चाहिये। पहले सुधार करने की कोरपोरेशन या वहां की स्टेट गवर्नमेंट को इजाजत कांग्रेस सरकार ने बन्द कर रखी थी, जब कि बिजली, पानी, ड्रेनेज आदि देना एक इन्सानी फर्ज बनता है। इसलिये उस बैन को हटा लेना चाहिये और मैट्रोपालिटन फंड की दुबारा स्थापना की जानी चाहिये।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि कि दिल्ली के केपिटल रीजन के लिये दिल्ली के आसपास के 40 मील इलाके के विकास के लिये एक केपिटल रीजन फण्ड की भी स्थापना होनी चाहिए और उसके लिये इसमें प्रावीजन किया जाना चाहिये। क्योंकि आसपास की जो स्टेट्स हैं, उनका इन्ट्रेस्ट इस बात में नहीं है कि दिल्ली के आसपास के इलाके का डैवलपमेंट हो। दिल्ली की पापूलेशन इतनी तादाद में न बढ़ सके, जितनी बढ़ रही है, वहां पर इन्फलक्स ज्यादा न हो, उसके लिये जरूरी है कि आसपास के कस्बों और शहरों का पूरा विकास किया जाये। इसके लिए केपिटल रीजन फण्ड की बहुत जरूरत है।

सेल्स टैक्स की एबोलिशन इस मुल्क के लिये बहुत जरूरी है। जनता पार्टी के मैनिफैस्टो में भी उसका जिक्र है कि हिन्दुस्तान से सेल्स टैक्स की लानत को खत्म किया जाये। सेल्स टैक्स को खत्म कर के उसको एक्साइज ड्यूटी में कन्वर्ट किया जाये जिस से कंज्युमर को और प्रोड्यूमर को, सब को फायदा हो और करप्शन पूरी तरह से इलीमिनेट हो जाये। इसके लिये मैं यह मानता हूं कि जब तक स्टेट्स नहीं मानेगी, तब तक यह काम नहीं किया जा सकता है। अगर उनको इससे नुक्सान न हो और इस से जो रुपया मिल रहा है वह और किसी रूप में मिल जाय, उसके पास रुपये की कमी हो, तो सेल्सटैक्स को पूरी तरह से एबालिश करने की जरूरत है। इसके साथ यह भी जरूरी है कि सारे टैक्स के ढांचे पर पुनर्विचार किया जाये। जिस तरह से आज टैक्स हैं, उनको सिम्पलीफाई कर के एक दो टैक्सों में कन्वर्ट किया जाये ताकि न लीकेज हो और ब्लैक मार्केट हो सके। यह भी जरूरी है कि इनकम के बजाये एक्सपेंडीचर पर टैक्स लगाने की बात सोची जाये। इससे अगर मोबोलीडेट कर सकें तो शायद बहुत आसानी इस से हो सकती है यूथ वैलफेयर के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि इसके अन्दर स्पैसिफिक तौर पर कुछ विशेष बातें सामने नहीं रखी गई हैं। कांग्रेस ने पिछले 25, 30 सालों में यूथ वैलफेयर के नाम पर कुछ नहीं किया। हिन्दुस्तान में करोड़ों नौजवान आज बेकार हैं, उनको कोई कंस्ट्रक्टिव एवेन्यूज नहीं मिल रहे हैं। उसके लिए स्पैसिफिक प्रावीजन जरूर होना चाहिए और अगले बजट में जरूर सोचना चाहिए।

[श्री विजय कुमार मलहोत्रा]

नेहरू युवक केन्द्र बनाए गए थे, उनकी इतनी बुरी हालत हुई कि पार्टी परपज के लिये उनका यूज किया गया। उनको डैन्स आफ करप्शन ऐसी जगह बना दिया गया कि जहां पर एन्टी सोशल काम होते थे। उनका मकसद खत्म हो गया। उसकी बजाए आज नौजवानों के लिए खेल कूद, सोशल सर्विस, आर्ट कल्चर आदि ऐसे कामों के लिये बजट में प्रावीजन करना बहुत जरूरी है। यह अभी हो सके तो बहुत अच्छा है, नहीं तो इसके बारे में अगले बजट में अवश्य सोचना चाहिये।

अब हिन्दुस्तान को एशियन गेम्स का मौका सन् 1982 में मिल रहा है। पहले हिन्दुस्तान में एशियन गैम्स होते रहे हैं, उसके बाद अब सातवां या आठवां गेम्स हिन्दुस्तान में यह होने जा रहा है। मुझे लगता है कि जिस पेस से आज हम चल रहे हैं, अगर उस से ही चलते रहे, जैसे कि पिछले दो साल में इनको नैगलैक्ट किया गया है, तो बाद में हिन्दुस्तान एशियन गेम्स को कर नहीं पायेगा। यह हिन्दुस्तान के लिये बड़ी बेइज्जती और बदनामी की बात होगी कि हिन्दुस्तान को गेम्स एलाट की जाये और वह उनको यहां न कर सके। इसके लिये बजट में कोई एलोकेशन नहीं है, जिसके बिना काम चल नहीं सकता। हमें इसमें एक दिन का भी डिले नहीं करना चाहिये और इसके लिए खास प्रावीजन रखना चाहिए किएशियन गैम्स को हम हिन्दुस्तान में कर सके और उसके लिये जो इन्फ्रा स्ट्रक्चर बनाया जाए उसको पूरा किया जाए।

मैं इस बात से सहमत हूं कि पावरलूम को जो सुविधा दी गई है, वह मुनासिब नहीं है। पावरलूम को दी गई सुविधा से हैंडलूम इंडस्ट्री तबाह हो जायेगी। बड़ी इंडस्ट्रीज इन पावर लूम का सहारा लेकर इनसे माल बनवायेंगी और इस सुविधा से लाभ उठायेंगी। मुझे लगता है कि किसी गलतफहमी में यह बात हो गई है। हैंडलूम को प्रोटैक्शन मिलना चाहिए, उसको कभी भी खत्म नहीं करना चाहिये। पावरलूम को जो सुविधाएं दी गई हैं, उनके बारे में पुनर्विचार जरूर करना चाहिए।

इसी प्रकार से चैरिटेबल कार्यों के लिये दान में टैक्स एग्जैम्पशन के सम्बन्ध में दो लाख रुपए की सीलिंग को बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है, मैं चाहता हूं कि वित्त मंत्री इस पर भी विचार करें ताकि इस प्रावीजन का कहीं मिस यूज न हो।

इस बजट में एग्रीकल्चर और खास तौर पर पीने के पानी के बारे में इन्फ्रा स्ट्रेक्चर बनाने की नई बातें कही गई है, उनका स्वागत किया जाना चाहिए परन्तु यह कहना कि इसमें प्रावीजन बहुत कम है, हमारे साथियों को यह समझना चाहिए कि जून के महीने में कोई प्राविजन कर के फरवरी तक उसको पूरा नहीं किया जा सकता। इस तरह की कोई आइटम जिसकी प्लानिंग न हुई हो, सर्वे न हुआ हो, उसके लिये पैसा रख दे और बाद में बर्बाद हो तो यह ठीक नहीं है। यह बजट रीयलिस्टिक है और जो कुछ इसमें हो सकता था, उसको ध्यान में रखकर बड़ी समझदारी से इसको बनाया गया है परन्तु अगले वर्ष में नया बजट बनाते समय रैडिकल चैन्जेज होनी चाहिये। उस में मूलभूत परिवर्तन होना चाहिये। कांग्रेस के तीस साल के शासन में बेकारी हर साल भीषण रूप से बढ़ती रही। उस को खत्म करने के लिये हैंडलूम और स्मालस्केल इंडस्ट्रीज के लिये एलोकेशन होना चाहिये। हमें यह तय कर देना चाहिये कि नेशनलाइज्ड बैंक बड़ी इंडस्ट्रीज को 50 परसेन्ट से ज्यादा लोन नहीं देंगे, और 50 परसेन्ट रूपया छोटी इंडस्ट्रीज को दिया जायेगा जो सेक्टर जितनी एम्पलायमेंट जेनीरेट करता है, उस को उसी हिसाब से रूपया तथा अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिये। अगर स्मालस्केल इंडस्ट्रीज और काटेज इंडस्ट्रीज 60

परसेंट एम्पलायमेंट जेनीरेट करती हैं, तो 60 परसेंट लोन्ज, स्केयर्स रा मैटीरियल और इम्पोर्ट लाइसेंसिज उन को मिलने चाहिये ऐसा करने पर देश की बेकारी बहुत बड़ी मात्रा में दूर हो सकती है।

बीड़ी पर ड्यूटी को बढ़ा दिया गया है, जिस का असर गरीब आदमियों पर पड़ेगा। यह ठीक है कि बीड़ी पीने से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उस से केन्सर होता है, ऐसा लोग मानते हैं। लेकिन इस का उपाय यह है कि लोगों को समझा कर बीड़ी-सिग्रेट पीने से मना किया जाये। जो गरीब लोग इस समय बीड़ी पीते है, इस ड्यूटी के बढ़ने से उन पर बोझ बढ़ जायेगा। इस लिये अच्छा तो यह होगा कि शराब पर ड्यूटी को बढ़ा दिया जाये और बीड़ी को छोड़ दिया जाये।

इन शब्दों के साथ मैं वित्त मंत्री को यह बजट पेश करने के लिये बधाई देता हूं। कांग्रेस के शासन में देश मे गरीबी, बेकारी, भुखमरी और डिसपैरिटीज बढ़ती रही हैं। उन को दूर करने के लिये वित्त मंत्री ने एक दिशा-निर्देश किया है। मैं आशा करता हूं कि अगले वर्ष इस सम्बन्ध में रैडिकल चेंजिज की जायेंगी।

SHRI VENUGOPAL GOUNDER (Wandiwash): Sir, I would be failing in my duty if I do not congratulate the Prime Minister and the Agriculture Minister for giving due consideration to the rural economy. Hitherto much was claimed as having been done for the agriculturists, but in actual practice, the statistics show that the benefits given by way of loans, aid etc. to industries, both small and medium and big, have been much more than the benefits given to the agriculturists. It is a big question mark whether even the benefits given to intended agriculturists actually have reached the intended persons—the small and medium farmers and the marginal farmers—who are actually engaged in agriculture. In the past, the tillers of the land have not enjoyed the benefits. The big landlords got the fruits of the benefits. This may be due to poverty, illiteracy and other factors. I request the government to plan in such a way as to enable the benefits to reach the real tillers of the land—medium or small and the marginal farmers. Then only we can improve agricultural production.

Another problem facing the agriculturists is the lack of marketing facilities. The industrialists are in a position to fix the prices of the products they produce but the agriculturist is not in that position. He is at the mercy of the middlemen who know nothing about agriculture. The government should fix the prices in such a way that they are economical to the farmer. I suggest that regulatory marketing committees should be established in each and every village. The agriculturists must get reasonable price for his produce. If the market prices are low, the government should not hesitate to purchase the produce at a reasonable price and build up buffer stocks. Otherwise, the poor agriculturists are at the mercy of the middlemen who are exploiting

[Shri Venugopal Gounder]

the situations. So, I request the Government to see that each and every village should have a regulatory market.

There is another aspect which I would like to touch. Suppose there is a bumper harvest. The theory of supply and demand will operate fully. The producer in the industrial sector is in a position to create an artificial demand so that he is in a position to get more money whereas the agriculturists is not in a position to do so. If the regulated market is operated, then something could be done.

Another important aspect is the distribution of fertilizers to the agriculturists. During the past two years all of a sudden the price of fertilizer Urea had gone up. Without relation to the cost of production of agricultural produce, the prices of fertilizer have gone up. So, the prices of fertilizers should be reduced and they should be distributed to the agriculturists. For proper distribution of fertilizer, it is better that fertilizers are distributed through cooperative agencies or panchayats so that they can be given to needy persons without any delay.

As far as Tamil Nadu is concerned, we are mostly dependent on the vagaries of the monsoon. Sometimes no water is available. Even the available water is subjected to dispute. There is a longstanding dispute between Tamil Nadu and Karnataka relating to Cauvery waters. So the dispute should immediately be settled. I hope the Centre is interested to see that it is amicably settled.

I would like to suggest that river waters in the country should be treated as a national asset. If the river waters become a national asset, then disputes can be averted.

I would like to state that for agriculture, as far as Tamil Nadu is concerned, we are subject to power cuts. The former Chief Minister, Mr. Karunanidhi without considering all the aspects dismantled the Samayanallor power plant. He has not constructed another power plant after dismantling it. So we are suffering a lot. Every village in Tamil Nadu is experiencing a power cut for about six months in a year. So, I would like to suggest that as far as agriculturists are concerned, they may be exempted from this power cut. If the power cut is imposed in respect of small and marginal agriculturists, they will be put to a lot of suffering. So, I would like this Government to advise the electricity boards of all State Governments to exempt agriculturists from imposition of power cuts.

श्री यू० एस० पाटिल (लातुर) : डिप्टी स्पीकर साहब, जनता पार्टी के वित्त मंत्री जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है, उसमें उन्होंने यही कहा है कि बजट एक ऐसा साधन है जिस से यह जाहिर होता है कि जो आइन्दा आने वाला समाज है, वह किस तरह से प्रस्थापित होगा । यह सही है कि पिछले तीस सालों में देश में कांग्रेस सरकार ने समाजवादी समाज की रचना या समाजवाद लाने की घोषणायें तो की थी, लेकिन उनकी जो सब से आखरी घोषणा हुई "गरीबी हटाओ", उस को लोगों ने पकड़ लिया कि हम गरीब रहना नहीं चाहते हैं । यह एक बड़ी अच्छी चीज है और मौजूदा हुकूमत को आगे खींचने वाली एक ड्राईविंग-फोर्स साबित होगी । लेकिन जैसा मेरे माननीय मित्र मल्होत्रा जी ने कहा, बल्कि आंकड़े देकर स्पष्ट किया—उन तीस सालों में समाजवाद तो नहीं आया, लेकिन मोनोपोलिस्टिक इण्डस्ट्रीज देश में पैदा हो गई । इस देश में पिछले दिनों में इण्डस्ट्रीयल वैल्थ बहुत बढ़ी है, इतनी ज्यादा बढ़ी है कि आपात-स्थिति के जो आंकड़े बजट में कांग्रेस सरकार ने रखे थे, उस में बहुत ज्यादा कन्सेशन उद्योगपतियों को दिया गया, न सिर्फ इस देश के उद्योगपतियों को, बल्कि अमरीका, जर्मनी और दूसरे देशों के उद्योगपतियों को बुला कर यहां इन्वेस्ट

करने के लिये कहा गया । मल्टी-नेशनल कार्पोरेशन्ज को इन्वीटेशन देकर यहां इन्वैस्ट करने के लिये उस कांग्रेस सरकार ने कोशिश की और जब मोनोपोलिस्ट्स कहीं आम-जाते हैं, थोड़े से लोगों के हाथों में जब पूरी इकानमी चली जाती है तो उस का परिणाम होता है—बेरोजगारी, इन्फलेशन, बेकारी, गुरबत—ये सब चीजें बढ़ जाती हैं ।

आज हमारे देश में यही हालत है—समाजवाद का नाम लिया, लेकिन गुरबत बढ़ी । "जोतनेवाले की जमीन" का स्लोगन दिया गया, लेकिन 1961 से 1971 तक की रिपोर्ट को उठा कर देख लीजिये, देश में मजदूरों की तादाद बढ़ गई है, वे अपनी जमीन को खो बैठे हैं, जोतनेवाले जमीन पर नहीं रहे, के मजदूर बन गये । आज जनता पार्टी के सामने यही प्राब्लम है । जनता पार्टी किसानों के लिये बहुत कुछ करना चाहती है—लेकिन देहाती जनता को अभी विश्वास नहीं है । जब तक कोई चीज वास्तविक रूप में उन के सामने न हो, उन को रिअलाइज नहीं होता है कि कोई चीज हो रही है । इसी लिये समाजवाद के नाम के साथ-साथ आज गांधी जी के सिद्धान्तों की घोषणायें हो रही है । लेकिन मैं आप से यही कहना चाहता हूं कि हमें सिद्धान्तों के झगड़े को छोड़ देना चाहिये, कुछ वास्तविक रूप में कर के दिखाना चाहिये । आप देखिये—डी-सेन्ट्रलाइज्ड इकानमी कांग्रेस का आदर्श था, लेकिन वह डी-सेन्ट्रेलाइज नहीं हुई, बल्कि ज्यादा से ज्यादा सैन्ट्रलाइज होती रही । गांधी जी का सिद्धान्त है कि विलेज सेल्फ-रिलायेंट रूरल कम्यूनिटी बने—इस बात की घोषणा वित्त मंत्री जी ने भी की है । लेकिन आप जानते हैं कि इस वक्त हमारे विलेजेज की 40 परसैन्ट पोपुलेशन बड़े-बड़े औद्योगिक केन्द्रों—बम्बई, दिल्ली, कानपुर जैसे शहरों में जा रही है । आज छोटे किसान और मार्जिनल फार्मर्ज की यह हालत है कि वे जमीन रख नहीं सकते हैं, क्योंकि बैंकों से उन्हें कर्जा नहीं मिलता है और अगर कहीं मिला भी है तो बहुत थोड़ा मिलता है । 65 परसेन्ट जो हमारे छोटे किसान हैं, जब तक उन की उपज नहीं बढ़ती है, तब तक उन को जमीन पर काम करने में कोई फायदा नहीं होगा । उन के लिये फाइनेंस का इन्तजाम होना चाहिये, मार्केटिंग का इन्तजाम होना चाहिये, इनपुट्स के लिये पैसा दिया जाना चाहिये—जब तक ऐसी व्यवस्था नहीं होगी हमारे देश की इकानमी बढ़ नहीं सकती । इस बजट में भी यही कमी है: आप ने घोषणा की है कि हम देहातों में जो कम पैसा दिया जाता है, उन को अधिक देंगे, हम खेती को बढ़ाना चाहते हैं, छोटे किसानों को आगे लाना चाहते हैं । वित्त मंत्री के भाषण के हर पैराग्राफ में इस बात को काफी जगह दी गई है, लेकिन दूसरी तरफ हमारा जो लेबर मवमेन्ट हो रहा है, बड़े बड़े शहरों की तरफ लोग भाग रहे हैं उस की वजह से हमारी खेती की इकानमी बरबाद होती जा रही है । यह आज से नहीं है—पिछले 30 सालों का नतीजा है । कांग्रेस के पिछले मिनिस्टर्ज और आज के फाइनेन्स मिनिस्टर देखें—यह उन्हीं की लैगेसी है, इस को बदलने की उम्मीद हम करते हैं, जनता पार्टी की कोशिश है कि इस को बदला जाय, लेकिन बदलते वक्त भी इस बजट स्पीच में जो रखा गया है—मैं ऐसा नहीं मानता हूं कि जो घोषणा की गई है, वह किसान को मिल सकेगा ।

अगर आप सरकारी क्षेत्र में जो उद्योग हैं, उन को कम पैसा दें, अगर आप छोटी मछली को बड़ी मछली द्वारा खाने का सिद्धान्त फिर अमल में लाना शुरू कर दें और सिक यूनिट को बड़े यूनिट में मर्ज होने के लिए इन्वेस्टमेंट में कुछ कन्सेशन्ज दें, तो यकीनन इस मुल्क में मोनोपली के ट्रेंड बढ़ जाते हैं । अगर आप का बजट मुट्ठी भर लोगों के, अपनी आमदनी का बहुत बड़ा भाग 10 पर सेन्ट लोगों के हाथों में दे देते हैं, तो 90

[श्री यु० एस० पाटिल]

पर सेन्ट लोगों में गुरबत आ जाती है ।

इसी तरह से मैं यह कहना चाहता हूं कि इन्फ्लेशन को कम करने के जो तरीके इस बजट में अपनाये गये हैं, वे कोई नये तरीके नहीं हैं । रिजर्व बैंक की तरफ से क्रेडिट स्क्वीज की जाती है या एक्सपोर्ट और इम्पोर्ट में बैलेंस रखा जाता है, तो ऐसे मेजर्स वेस्टर्न कन्ट्रीज कई मर्तबा अपना चुके हैं लेकिन उनके कोई रिजल्ट्स नहीं निकले हैं । जब श्री मो० डी० देशमुख फाइनेन्स मिनिस्टर थे, उस वक्त से यह होता चला आ रहा है कि जब कोमोडिटी महंगी हो जाती है, तो रिजर्व बैंक बैंकों को आर्डर करता है कि इतना क्रेडिट कम कर दो और फला फला चीज कर दो । पांच, छः महीने में मार्केट एडजस्ट हो जाता है लेकिन फिर आगे बढ़ जाता है । इमर्जेंसी के जमाने में आपने देखा कि 5, 6 महीने कुछ चीजें डाउन आ गई और वे भी एग्रीकल्चर कामोडिटीज लेकिन इन्डस्ट्रियल कामोडिटीज पर कोई खास असर नहीं पड़ा और वे बढ़ती गईं । इस तरह से ये जो मेजर्स लिये गये हैं ये कोई नये नहीं हैं और वही पुराने तरीके हैं जिन को कांग्रेस पिछले 30 सालों से अपनाती आ रही है । अगर जनता के फाइनेन्स मिनिस्टर उन्हीं मेजर्स पर अपनी इमारत रखेंगे, तो मैं नहीं समझ सकता कि इन्फ्लेशन को आप कम कर सकते हैं ।

मैं अनेक वर्षों से इस देश में जो भ्रष्टाचार फैला है, उसका कारण तो अनेक प्रकार के नियन्त्रण है । आज भी गांव का कोई तरुण कोई इण्डस्ट्री खोलने की बात करता है तो उसके लिए इतने नियन्त्रण है, इतने परमिट और लाइसेंस के चक्कर में उसे जाना पड़ता है कि वह उस कार्य को कर नहीं सकता है । इसलिये ग्रामीण क्षेत्रों में जो उद्योग करने वाले हैं या एग्रीकल्चर बेस्ड इण्डस्ट्रीज है या फारेस्ट बेस्ड इण्डस्ट्रीज है, उनको इन नियन्त्रणों से निकालना होगा, तभी गांव का तरुण वहां पर आसानी से ठीक प्रकार से अपना उद्योग प्रस्तावित कर सकेगा, इसकी छानबीन करें ।

इस तरह से जो नया सुझाव, नई दिशा और ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग डालने की बात चल रही है, उसके लिये जितने निराकरण कम होंगे उतना ही भ्रष्टाचार दूर होगा। इस बजट में भ्रष्टाचार को दूर करने की कोशिश की गई है, यह जनता पार्टी ने बनाया है।

बीड़ी के ऊपर टैक्स लगाया गया है। इस उद्योग का विचार कर के क्या यह टैक्स लगाया गया है। इस उद्योग का ग्रामीण क्षेत्रों में कौन करता है। यह हाथ से चलने वाला उद्योग है, यदि बड़ी इण्डस्ट्री के साथ इसको जोड़ दिया गया तो हाथ से काम करने वाले गरीब लोगों, खेड़े में रहने वाले, गांव में रहने वाले लोगों को बड़ा नुकसान होगा। इस ग्रामोद्योग के धंधे पर टैक्स लगा कर गरीब लोगों को धंधे से वंचित किया गया है। मैं सुझाव दूंगा कि इस बारे में फिर से विचार हो।

मैं आज की स्थिति से आपको अवगत कराता हूं। अनेक प्रान्तों में जहां बीड़ी का उद्योग चल रहा है आज भी बीड़ी मजदूरों को 2, 2 महीने से मजदूरी नहीं मिल रही है। इस उद्योग को नियन्त्रण में लाने के लिये प्रान्तीय सरकारों ने नियम बनाये हैं, उसमें फैक्टरी एक्ट का कानून लगा दिया है। इतने नियम लगा दिये गये हैं कि गांव में सामान्य मजदूर को जो काम मिलता था, उससे वह वंचित हो गया है। इस तरह से बीड़ी उद्योग का समुचित ढंग से विचार करके, ग्रामीण क्षेत्रों में जो हरिजन और गरीब लोग काम करते हैं, वह लोग काम से वंचित न हों इस तरह से उस पर विचार करने की आवश्यकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में खंडसारी का उद्योग भी है, जिसमें काफी लोगों को काम मिलता है। लेकिन उसके साथ शक्कर कारखानों के समान व्यवहार किया गया है। खंडसारी पर एक्साइज ड्यूटी हर साल बढ़ाई जाती रही है। अप्रैल, 1974 तक उस पर लैवी 1180 रुपये प्रति टन थी। 1 मई, 1974 से उसको बढ़ा कर 2360 रुपये प्रति टन कर दिया गया और फिर 1 मार्च, 1975 को वह लैवी 5900 रुपये प्रति टन कर दी गई। मेरा निवेदन यह है कि अगर इस ग्राम उद्योग पर, जो एक लेबर-इनटेन्सिव इण्डस्ट्री है, इस तरह लैवी बढ़ाते चले जायेंगे, तो यह उद्योग कैसे चलेगा? इसलिए सरकार को यह ध्यान रखना चाहिए कि ग्रामीण उद्योगों पर लैवी इस तरह से न बढ़ाई जाये, ताकि वे उद्योग जिन्दा रह सकें और उनके द्वारा लोगों को काम मिल सके। इसके अतिरिक्त खंडसारी के कारखाने ग्रामीण क्षेत्रों में खोलने की शर्त लगानी चाहिए; ये कारखाने केवल शहरों में नहीं खुलने चाहिएं।

लोगों को रोजगार देने के सम्बन्ध में जो प्रावीजन किया गया है, वह सफिशेंट है, ऐसा मैं नहीं मानता हूं।

खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड में जो कमियां और गलतियां हैं, उनको दुरुस्त करना चाहिए। मेरा अनुरोध है कि सरकार इस दिशा में प्रयास करे।

एग्रीकल्चर से होने वाली इनकम इस देश की नेशनल इनकम का 50 प्रतिशत है। पिछले वर्षों में इस उद्योग पर उचित ध्यान नहीं दिया गया है और किसान को अपनी उपज की जो कीमत मिलनी चाहिए, वह उसको नहीं मिली है। एग्रीकल्चरल प्राइसिज कमीशन ने धान का भाव 74 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। क्या किसान इस भाव पर धान पैदा कर सकता है? सब चीजों के भाव बढ़ने के बावजूद किसान अपनी उपज कन्ज्यूमर को सस्ते भाव पर दे, यह सम्भव नहीं है। खाद पर लैवी बढ़ा दी गई है, उसके दाम दुगने हो गये हैं। हमारा उद्देश्य यह है कि सामान्य आदमी को चीजें ठीक दाम पर मिलें। लेकिन जब तक किसान को अपनी उपज का ठीक दाम नहीं मिलेगा, तब तक वह उत्पादन नहीं कर सकेगा। खाद और इनसेक्टीसाइड

[श्री लक्ष्मण राव मांकर]

आदि इनपुट्स के भाव बहुत बढ़ गये हैं। जिला परिषदें बीज 125 रुपये में खरीदते हैं और 250 रुपये में बेचती हैं। किसान के उपयोग की चीजों के भाव बहुत बढ़ गये हैं, लेकिन किसान को ठीक दाम नहीं मिलते हैं। फिर कहते हैं कि हम किसान को ऊपर उठाना चाहते हैं। लेकिन इस तरह किसान ऊपर नहीं उठ सकेगा।

इण्डस्ट्रीज के बारे में हम विचार करते हैं कि उनका खर्चा लगा कर उनकी प्राडक्ट्स के दाम उन्हें ठीक मिलें। किसान के बारे में ऐसा क्यों नहीं किया जाता है? इंडस्ट्रीज को कई प्रकार की कनसेशन्ज दी जाती हैं, उनको सीड मनी मिलता है और बैकवर्ड एरिया में तो उन्हें और भी सहूलियतें दी जाती हैं। लेकिन इस देश के पांच एकड़ से नीचे के 60 परसेंट किसानों को क्या कोई राहत दी गई है? स्माल फार्मस स्कीम इसमें दी गई है। पिछले वक्त में, कांग्रेस के राज में ही यह शुरू हुई है, कोई नयी बात नहीं कह रहे हैं। लेकिन इसका इम्प्लीमेंटेशन कभी हुआ नहीं। मैं अपने जिले की बात बताता हूं। एक करोड़ रुपया सेंट्रल गवर्नमेंट ने दे दिया। उसके केवल 35 लाख रुपया खर्च हो सका। बाकी सब वापस आ गया। तो आखिर यह एजुकेशन का मामला है। यह प्रशासन जो बिगड़ चुका है उसको ओवर अप करने की आवश्यकता है। हम ग्रामोद्योग की बात करें, ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें, चाहे जो भी कहें लेकिन प्रशासन को ठीक प्रकार से सुधारने का प्रयास नहीं करेंगे तो पैसा कितना ही दे दें उस का उपयोग नहीं होगा। इसलिए प्रशासन को ठीक करने की दिशा में भी विचार करने की आवश्यकता है।

निर्यात की बात आती है। लेकिन निर्यात किस चीज का किया? खली का। इस देश में जानवर जो खेती के काम में आते हैं, जिन से दूध मिलता है उनके खाने की जो चीज है उस खली का निर्यात 141 करोड़ का आपने किया। उसका नतीजा यहां पर क्या हुआ इसको भी आपने देखा? किसान जानवरों को जो चारा देते हैं, फाडर जिसे कोंडा कहते हैं उसकी क्या हालत बनी? धान के भाव 74 रुपए तब किए और वह जो भूसा है उस भूसे की कीमत 100 रुपये हो गई। तो किसान जानवरों को खिलाएगा क्या? खली जो आपने बाहर भेज दी तो उसका भाव यहां पर ढाई सौ और 300 रुपये हो गया। तो इसमें कोई तारतम्य रखने की बात आप सोचेंगे या नहीं?

जीवन के लिए आवश्यक चीजें जो हैं चाहे वह खेती के लिए हों या सामान्य आदमी के लिए हों, मेरा आग्रह है कि नीति निर्धारण इस तरह से करें कि इस प्रकार की आवश्यक वस्तुओं को बाहर नहीं भेजा जायेगा। इनको आप यहां पर इस्तेमाल के लिए छोड़ देंगे। इस दिशा में कुछ परिवर्तन आप को अपनी नीति में करना पड़ेगा। मेरा सुझाव है कि सरकार इसके ऊपर सोचे।

किसानों को दिए जाने वाले लोन के बारे में मुझे कुछ निवेदन करना है। किसानों को जो डेवलपमेंट लोन देते हैं वह कैसे देते हैं। 18 रुपये, 20 रुपये उस पर ब्याज पड़ता है और डेवलपमेंट बैंक के द्वारा जो लोन उनको दिया जाता है, मान लीजिए कुआं खोदने के लिए लोन इस साल दिया। कुआं खुद नहीं पाया। लेकिन दूसरे साल से उसकी किस्त और ब्याज के पैसे वसूल करने लग गए जबकि उत्पादन उससे निकला ही नहीं। मेरा यह कहना है कि बड़े बड़े किसानों की बात आप चाहे छोड़ दीजिए लेकिन जो मार्जिनल किसान

हैं 6 एकड़ से नीचे के, ढाई ढाई तीन तीन एकड़ के किसान, इनको विकास लोन चाहे वह एलेक्ट्रिक पम्प के लिए हो, कुआं खोदने के लिए हो, जमीन से पानी निकालने के लिए हो या लिफ्ट इरीगेशन के लिए हो, यह लोन उस को बिना ब्याज के तीन साल तक के लिए मिलना चाहिए, तीन साल के बाद ब्याज और किस्त शुरू हो। जैसे इण्डस्ट्री में आपने कहा कि चार प्रतिशत या 6 प्रतिशत की दर से दिया जाये, कुछ सहूलियत उसको दी जाये, जो बैकवर्ड एरियाज में इण्डस्ट्री खोलते हैं वहां कुछ सहूलियत दी जाये, वैसे ही जो इस देश का अत्यन्त पीड़ित और गरीब किसान है पांच छः एकड़ से नीचे का, जो अपना जीवन भी नहीं चला सकता उसको प्रगति करने के लिए कुछ राहत आप देने वाले हैं या नहीं ? अभी तक तो दिया नहीं। उल्टे और बोझा उसके ऊपर पड़ा। उसको उसके उत्पादन की कीमत नहीं मिली, और कोई सहूलियत उसके लिए हमने उपलब्ध नहीं की जिसका परिणाम यह है कि इस देश का वह 80 प्रतिशत किसान कर्ज में डूबा हुआ है। आज आप उसको कितना ही और कर्जा देने की कोशिश करें, उसको लेने की कैपेसिटी ही उसके अन्दर नहीं है। इसलिए पहले तो उस की कीमत ठीक तरह से तय करने की आवश्यकता होगी और फिर उसको और सहूलियतें भी देने की आवश्यकता होगी। उसको विकास लोन आप दें और मैं तो यह कहता हूं कि जैसे एक व्यापारी आदमी को कमीन कैश लोन देते हैं वैसे ही किसान को भी क्यों नहीं देते ? उसको भी एक इंडस्ट्री मान कर उसके लिए इस प्रकार की व्यवस्था करें जिससे अगर वह किसी बैंक में जाय तो जो उसकी लिमिट हो उसके अनुसार वह कर्जा ले और अपनी खेती में लगाए। इस दिशा में सरकार अपनी नीति में परिवर्तन करने के बारे में सोचे।

कुछ बातें अच्छी आई हैं। ग्रामीण उद्योगों के क्षेत्र में, बेकारी दूर करने की दिशा में और खेती का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में प्रयास चल रहा है। यह प्रयास हम ठीक प्रकार से करें तो सफल हो सकते हैं। जो विकास की दर विभिन्न योजनाओं के दौरान निश्चित की गई थी, क्या वह कभी पूरी हुई ? इसलिये मेरा कहना है कि जब तक उत्पादन नहीं बढ़ेगा, तब तक इस देश की महंगाई, बेकारी—ये सारी समस्यायें हल नहीं होंगी, इन्फलेशन कम नहीं होगा। इसलिये उत्पादन बढ़ाने की दृष्टि से जो भी नैसर्गिक साधन हमारे पास मौजूद हैं, उनका पूरा उपयोग करें, तब हमें सफलता निश्चित रूप से प्राप्त हो सकेगी।

15.4 hrs.

मेरे मित्र इस बजट के बारे में कुछ भी कहें, लेकिन हमारे अर्थ मन्त्री जी ने इस बजट में जो दिशा दी है, उन अर्थ-संकल्पों का समर्थन करते हुए मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

श्री **मनोहर लाल** (कानपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं बड़ा आभारी हूं, आपने मुझे बोलने का समय दिया। मैं जनता सरकार के वित्त मंत्री जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है, उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। आज हिन्दुस्तान ही नहीं, दुनिया के इतिहास में 1977 का वर्ष स्वर्णाक्षरों में लिखा जायगा। पिछले तीस सालों में हिन्दुस्तान के अन्दर कांग्रेस का शासन रहा है, कांग्रेस शासन के वित्त मंत्री ही अब तक इस सदन में बजट पेश करते आये हैं—लेकिन यह पहला मौका है जब जनता सरकार के वित्त मंत्री का बजट इस देश के सामने आया है। बजट एक ऐसा साधन होता है, जिससे अन्दाज लगाया जाता है कि उस देश की सरकार की मंशा क्या है, सरकार उस देश के अन्दर रहने वाली आम जनता के साथ क्या करना चाहती है, उनके लिये क्या करने जा रही है।

अभी थोड़ी देर पहले मैं काल-एटेन्शन पर श्री साठे साहब के सवाल को सुन रहा था जो जम्मू-काश्मीर के बारे में था। मैं उनसे संक्षेप में ही पूछना चाहता हूं—25 जून,

[श्री मनोहर लाल]

1975 को जब दिल्ली के अन्दर प्रजातन्त्र रूपी द्रौपदी का चीर-हरण किया गया था, उस समय साठे साहब और उन के दूसरे साथी कहां थे। एमर्जेंसी के दौरान जब भारत के महान नेताओं को पकड़ कर जेल में बन्द किया जा रहा था, इस संसद के लिए चुने हुए सदस्यों को बन्द किया जा रहा था, जब देश में कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम लागू की गई थी, उस समय कांग्रेस के दोस्त साठे साहब कहां थे। एल०आई०सी० के साथ जो एग्रीमेंट 1974 में हुआ था, जब उसको तोड़ा गया, उस समय कांग्रेस के दोस्त कहां थे, उस समय उनकी जुबान से एक शब्द भी नहीं निकला? ढाई लाख लोगों को उस समय जेल में डाल दिया गया था, डी०आई०आर० और मीसा के तहत बन्द कर दिया गया था। देश के संविधान को ताक पर रख कर, उसको तोड़-मरोड़ कर हिन्दुस्तान की जनता पर तानाशाही का शासन लाद दिया गया था—उस समय हमारे ये कांग्रेसी दोस्त जो आज प्रजातन्त्र की दुहाई दे रहे है, कहां थे?

उपाध्यक्ष जी, जनता पार्टी की सरकार को बने हुए अभी तीन महीने हुए है—अभी से ये कांग्रेसी दोस्त परेशान होने लगे है और हमसे पूछते हैं कि हमने क्या किया है। 30 साल तक यह देश आपके शासन में रहा—इस काल में देश में बेकारी, भुखमरी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, तानाशाही बढ़ी—इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अगर आप अपने दिल पर हाथ रख कर इस सवाल का जवाब पूछें तो आप इस बात को मानेंगे कि इस सारे शासन काल में—सिर्फ डेढ़ साल के पीरियड को छोड़ कर जिसमें श्री लाल बहादुर शास्त्री प्रधान मंत्री रहे, सन् 1947 से लेकर अब से तीन महीने पहले तक इस देश पर किसने शासन किया—नेहरू परिवार के लोगों का शासन रहा। उन्होंने जिस तरह से चाहा देश का सत्यानाश किया—इसके लिए इसदेश की जनता, इस देश का नौजवान कभी माफ नहीं करेगा। आज जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद, एमर्जेंसी समाप्त होने के बाद, जनता यदि आजादी की सांस ले रही है, उसको पता लग रहा है कि उसके क्या मौलिक अधिकार हैं और हमारी सरकार जब यह आश्वासन दे रही है कि हम जनता के मौलिक अधिकारों को नहीं छीनेंगे, जिस तरह से इन लोगों ने छीना था, तो मुझे यह कहने में जरा भी संकोच नहीं है कि ये सारी बातें जनता पार्टी की देन हैं। जनता के अन्दर एक विश्वास की भावना पैदा हो रही है, उसके सामने एक उज्जवल भविष्य दिखाई पड़ने लगा है।

15.02 hrs.

[SHRI SONI SINGH PATIL *in the Chair*]

जहां तक इस बजट का सवाल है—यह बजट हिन्दुस्तान के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा। पहली बार आज महात्मा गांधी के आदर्शों को सामने रख कर यह बजट इस सदन में प्रस्तुत किया गया है इस के लिए मैं धन्यवाद देना चाहता हूं—लोकनायक जय प्रकाश नारायण को और हिन्दुस्तान की करोड़ों जनता को जिसने बिना किसी खून-खराबे के इस कांग्रेस सरकार को हटा दिया, जिस के लिए न केवल हिन्दुस्तान की जनता, बल्कि दुनिया के लोग यह समझते थे कि इन्दिरा गांधी को हटाना बिलकुल नामुमकिन है। इन्दिरा गांधी के बाद संजय गांधी प्रधान मंत्री बनेंगे, हम सब लोग यही समझने लगे थे लेकिन एक बिलकुल अनहोनी चीज हुई और लोकनायक श्री जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में जिस तरह से हिन्दुस्तान के करोड़ों करोड़ों नौजवान लोगों ने कांग्रेस शासन को उखाड़ फैंका है, उसके लिए मैं उनको बधाई देना चाहता हूं। हिन्दुस्तान के लाखों नौजवान लोगों ने संगठित होकर इस कांग्रेस सरकार के खिलाफ जिहाद बोल दिया और उसके बाद हालत यह हो गई है कि अब कांग्रेस के लोगों की भी जबान खुल गई हैं और वे जनता सरकार पर तरह-तरह के आक्षेप लगाते हैं

श्री मनोहर लाल (कानपुर)—जारी

और उसे बदनाम करने की बातें करते हैं। आज जो वे ऐसी बातें करते हैं, मैं उन से कहूंगा कि जरा वे अपने गरेबान में मुंह डाल कर देखें कि पिछले सालों में उन्होंने क्या क्या किया है जिसके लिए इतिहास उन्हें कभी माफ़ नहीं करेगा ।

सभापति जी, अब मैं बजट पर आता हूं। जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह स्वागत के काबिल है और हम उसका स्वागत इस माइने में करते है कि जनता पार्टी ने जिन परिस्थितियों में बजट तैयार किया है और ऐसी परिस्थितियां होते हुए भी जो कुछ उसने जनता को दिया है, वह पहली बार ही हुआ है। इस बजट में काश्तकारों के लिए तमाम सुविधाएं देने की कोशिश की गई है। इस में ग्राम विकास के लिए, लिंक रोड्स से गांवों को जोड़ने के लिए और पीने के पानी की व्यवस्था के लिये प्रोविजन किया गया है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। जो परिस्थितियां जनता सरकार के सामने थीं, उनमें यह बजट स्वागत योग्य है ।

इस बजट में वित्त मंत्री महोदय ने 72 करोड़ रुपए का घाटा दिखाया है जब कि पहले 306 करोड़ रुपए घाटे का बजट प्रस्तुत किया गया था। इस तरह से आप देखें कि पिछले तीस सालों में जो बजट कांग्रेस सरकार प्रस्तुत करती रही है, उससे कहीं अच्छा है और आज ये लोग हम से कहते है कि हिन्दुस्तान के अन्दर बेकारी बढ़ गई है, बेरोजगारी बढ़ गई है। आज यह हम से कहते है कि महंगाई बढ़ गई है। यह सही है कि आज लोगों को रोजी, रोटी और मकान की आवश्यकता है और आज नौजवानों को नौकरी की तलाश है। 30 साल तक हुकूमत करने के बाद भी कांग्रेस सरकार लोगों के लिए रोजी, रोटी और कपड़े की व्यवस्था नहीं कर पाई और आज यह कहते हैं कि जनता सरकार इन तीन महीनों के अन्दर इन सब की व्यवस्था लोगों के लिए कर दे। यह बिल्कुल असंभव बात है। जो भी व्यवस्था इस बजट के अन्दर इन चीजों के लिए की गई है, वह परिस्थितियों को देखते हुए, उचित ही है क्योंकि वित्त मंत्री महोदय ने जैसा बताया है कि बजट बनाने की प्रक्रिया बहुत पहले से आरंभ हो जाती है और जो भी आंकड़े हैं वे कांग्रेस सरकार के जमाने में एकत्रित किये गये थे और उस समय वे ही कुर्सी पर थे। उन आंकड़ों में थोड़ी सी रद्दोबदल करके बजट रखा गया है लेकिन जो भी बजट रखा गया है वह वास्तव में आम जनता का ही बजट कहा जाएगा ।

बेकारी और बेरोजगारी के बारे में मैं यह कहूंगा कि यह सही है कि हिन्दुस्तान के अन्दर जो जन-शक्ति है, वह काफ़ी बेकार है। आज आप देखें कि बहुत से नौजवान ऐसे हैं जो बी०ए०, एम०ए० और एम०एस०सी० तथा आई०टी० आई० की ट्रेनिंग के डिप्लोमा और डिग्री लेने के बाद भी इधर उधर बेकार मारे मारे फिर रहे है, लेकिन इसके लिए अगर कोई जम्मेदार है तो वह कांग्रेस सरकार ही है जिसने 30 सालों तक देश का शासन चलाया है। जन-शक्ति को जो जंग लगा है, उस के जिम्मेदार कांग्रेस के लोग ही हैं। मैं वित्त मंत्री महोदय से और अपनी सरकार से पहले भी कह चुका हूं और आज भी कहना चाहता हूं कि इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे जो बेरोजगार हैं, उन नौजवानों को रोजगार दिया जाए और उसके लिए मेरा सुझाव यह है और मैंने प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को भी लिख कर दिया है कि पब्लिक सेक्टर में और प्राइवेट सेक्टर में जो नौकरियां हैं, उन में से 10 प्रतिशत इस तरह के लोगों को कम्पलसरीली दी जाएं, जो कि पढ़े लिखे हैं और बेकार हैं ।

[श्री मनोहर लाल]

आजकल लोगों को काम देने की जिम्मेदारी प्राइवेट सेक्टर की अपनी मर्जी पर है। अगर उन पर वह जिम्मेदारी डाल दी जाये कि दस परसेंट लोगों को रोजगार देने की वह व्यवस्था करे तो उन्हें लोगों को रोजगार देना ही पड़ेगा। इस तरह हम समझते हैं कि बहुत से बेकार नौजवानों को नौकरी मिलेगी, काम मिलेगा। ऐसी व्यवस्था जनता पार्टी की सरकार को करनी चाहिए। यह व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई है। इस बजट के द्वारा अब सरकार को प्राइवेट सेक्टर और पब्लिक सेक्टर में यह व्यवस्था करनी चाहिए।

दूसरी तरफ खेती की भी काफी तरक्की की जाए, खेती को बढ़ाया जाए। अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान जब से आजाद हुआ तब से हमारे देश के प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू रहे थे। उनका ध्यान हमेशा बड़े बड़े उद्योग धंधों की तरफ रहा। कभी उन्होंने खेती की तरफ ध्यान नहीं दिया। अगर उन्होंने खेती की तरफ ध्यान दिया होता तो आज यह समस्या न होती। हमारी बहुत सारी समस्याएं खेती की उपेक्षा करने के कारण खड़ी हुई है। नेहरू जी ने सदा बड़े बड़े उद्योग धंधों की तरफ ध्यान दिया, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज की तरफ ध्यान नहीं दिया। अगर वे इनकी तरफ ध्यान देते तो हम पूरे विश्वास के साथ और दावे के साथ कह सकते है कि यह बेकारी की समस्या हमारे देश में न होती। बेकारी के साथ इसका परिणाम यह भी हुआ कि खेती पर भार बढ़ गया और यह भार बढ़ता ही जा रहा है। जहां हमें बेकारी को दूर करना है वहां हमें खेती पर पड़े भार को भी कम करना है। भूमि पर भार को कम करके हम खेती का उत्पादन भी बढ़ा सकते हैं। अगर हम खेती पर भार को कम नहीं करेंगे तो हम कोई भी समस्या हल नहीं कर सकेंगे। देश की जनसंख्या बढ़ती चली जा रही है। जनसंख्या के साथ जमीन तो बढ़ेगी नहीं, जमीन तो उतनी ही रहेगी। मिसाल के तौर पर आज से 6 साल पहले जहां एक परिवार में दस लोग थे आज उसी परिवार में पन्द्रह लोग हो गये। इससे खेती पर भार बढ़ रहा है और पैदावार बढ़ नहीं रही है। खेती पर जो भार बढ़ रहा है, इसको कम किया जाये। खेती पर निर्भर आबादी को हमें छोटे-छोटे उद्योग धंधों में लगाना चाहिए। इसके लिए हमें स्माल स्केल इंडस्ट्रीज की तरफ ध्यान देना पड़ेगा। बजाय इसके कि हम—जैसा कि पिछली सरकार ने किया—नसबन्दी करके लोगों को खत्म करना शुरू कर दें हमें उन्हें छोटे-छोटे धंधों में लगाना है। मुझे इस बात की खुशी है कि इस बजट में छोटे उद्योग धंधों के लिए, उनको बढ़ावा देने के लिए प्रावधान किया गया है। अगर हम छोटे धंधों को बढ़ा सके तो इससे खेती पर भार कम होगा और लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। इसलिए मैं चाहता हूं कि खेती पर से भार कम करने के लिए, बेरोजगारी को खत्म करने के लिए छोटे छोटे धंधों को बढ़ाया जाए। इसके साथ ही प्राइवेट सेक्टर और पब्लिक सेक्टर में दस परसेंट लोगों के रोजगार की व्यवस्था की जाए।

इसके अलावा जनता पार्टी को शिक्षा में भी मूलभूत परिवर्तन करना चाहिए। कांग्रेस सरकार द्वारा हमेशा कहा गया और बड़े बड़े नारे दिये गये कि हम शिक्षा में परिवर्तन करेंगे लेकिन तीस साल के बाद भी आज तक वे शिक्षा में कोई परिवर्तन नहीं ला सके। सन् 70–71 में नारा दिया गया कि हम देश से गरीबी मिटा देंगे लेकिन उसके लिए भी कांग्रेस सरकार कुछ नहीं कर पाई। कांग्रेस सरकार ने कहा कि हम गरीबों को मकान देंगे, उन्हें जमीन देंगे लेकिन ये सब नारे ही सिद्ध होकर रह गये। इन्होंने इन पर कोई काम करके नहीं दिखाया। अगर कांग्रेस इन मसलों पर कुछ काम करके दिखाती तो आज जो इतनी

श्री मनोहर लाल (कानपुर)—जारी

सम याएं देश के सामने हैं वे न होतीं। आज गांवों में समस्यायें हैं, बेरोजगारी की समस्या है । हमें गांवों में तरक्की करनी है, बेरोजगारी की समस्या हल करनी है । कांग्रेस सरकार तीस साल से बराबर मुद्रास्फीति का सहारा लेती रही । अगर यह न होता तो हमारा मुल्क इस स्थिति में न होता। पिछले सालों में बराबर देश में मुद्रा-प्रसार बढ़ता रहा है । इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी कांग्रेस सरकार पर है । इस मुद्रास्फीति को, मुद्राप्रसार को रोकने के लिए हमारी सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे क्योंकि पिछले तीस सालों में इस मुद्रास्फीति को एक साधन के रूप में सरकार ने बराबर अपने सामने रखा है । मुद्रास्फीति कोई समस्या नहीं होती है । यह तो एक प्रवृत्ति होती है । सही अर्थ नीति अपना कर इसको रोका जा सकता है, मुद्रा प्रसार पर काबू पाया जा सकता है । मुद्रा स्फीति और विकास की दर में बहुत फर्क होगा तो मुद्रा स्फीति अपना भयंकर रूप दिखाए बिना नहीं रहेगी। आपको काले धन पर भी काबू पाना होगा। इससे भी मुद्रा स्फीति बढ़ती है । किसी भी देश की उन्नति के लिए उत्पादन उसका बढ़ना चाहिए । इसके वास्ते यह जरूरी है कि मुद्रा स्फीति पर भी रोक लगाई जाए । मुद्रा प्रसार और विकास की दर इन दोनों में आपको चाहिए कि आप वैधानिक रिश्ता कायम करें, वैधानिक एक अनुपात निर्धारित करें । मूल्यों को स्थिर रखने के लिए और स्थिर रखने के लिए ही नहीं बल्कि उनको नीचे लाने के लिए भी आप को चाहिए कि आप उचित कदम उठायें । मेरा यह पक्का विश्वास है कि आगे आने वाले समय में हम मूल्यों को स्थिर ही नहीं रख सकेंगे बल्कि उन में गिरावट भी आएगी ।

चूंकि आप चाहते हैं कि मैं समाप्त करूं मैं इतना ही अन्त में निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे कांग्रेसी मित्र जो अब बोलें कम से कम वे अपने दिल पर हाथ रख कर बोलें और सच सच बात कहें । जिस तरह की बातें वे आज कर रहे हैं क्या उस समय कह सकते थे जब कांग्रेस का शासन था ? उनके शासन काल में बेरोजगारी, बेकारी, भुखमरी, भ्रष्टाचार , रोजी रोटी की समस्या आदि कितनी बढ़ी थी ? आज वे लोग प्रजातंत्र की दुहाई दे रहे हैं। क्या इसके लिए जनता सरकार जिम्मेदार है, यह जो सभी समस्यायें खड़ी है क्या ये जनता सरकार द्वारा खड़ी की गई है । वे अपने दिल पर हाथ रख कर सोचेंगे तो वे पायेंगे कि ये उनके शासन की देन है । मैं आशा करता हूं कि जनता ने हमारी पार्टी में जो विश्वास व्यक्त किया है उसके इस विश्वास को झुठलाया नहीं जाएगा और इस काम में जो नीतियां हम निर्धारित करेंगे और जो जनता की भलाई के लिए होंगी, उसके उत्थान के लिए होंगी, काश्तकारों की तरक्की के लिए होंगी, गांवों की तरक्की के लिए होंगी, उन में कांग्रेस दोस्त हमारा साथ देंगे ।

इन शब्दों के साथ मैं इस बजट का हार्दिक स्वागत और समर्थन करता हूं ।

SHRI B. C. KAMLE (Bombay South-Central): Mr. Chairman, Sir, while it is true that the budget proposals have been framed by the hon. Finance Minister with a great deal of difficulty and that he had not sufficient time for consultation, still, I submit that these proposals must be considered from the point of view of

[Shri B. C. Kamble]

the conditions of the Indian masses are concerned, who constitute the Republic of India.

Now, if we consider these proposals, we have also to consider the slogans which were raised by the Congress Party as well as the Janata Party for getting votes. The Congress Party had raised the slogan of 'garibi hatao' and the Janata Party had raised the slogan of 'total revolution.' The Congress Party was punished by the electorate for the simple reason that they had declared that the poverty would be removed—whatever the analysis of Congress party for its defeat, the prominent reason is that the Congress Party had failed to redeem the pledge about removing the poverty.

Therefore, the Janata Party must also take a lesson and see whether the slogan of 'sampoorna kranti' materialises. Now, looking to the budget proposals, it appears that there is only a change of emphasis from industrial to agricultural bias. So far as agriculture is concerned, again whether the Janata Party will be able to redeem the pledge is also a doubtful question.

Now I will go into its details. But before I do that, I would like the hon. Finance Minister to consider preliminarily two thinks: one is whether our monetary system has been stabilised. That is really the crux of the problem so far as rising prices are concerned. Every time every Finance Minister comes before the House, it appears as if he is a helpless witness and he has no remedy so far as rising prices are concerned. To me it appears that the real causes are in the monetary system. We should examine whether our monetary system has been stabilised, whether the Reserve Bank is functioning in accordance with the provisions of that particular Act, whether the assets and liabilities of the Issue Department of the Reserve Bank are co-extensive. Unless these things are examined in detail, I am quite sure, the problem of rising prices, under which the entire masses are being ground, cannot be solved. Who is responsible for excesses in the monetary system? We must fix the responsibility somewhere. Is it that the Board of Directors of the Reserve Bank of India is helpless? Is it that the Government is helpless? Who is to be blamed? Who is responsible? These matters must be gone into in great detail. It appears to me that our monetary system, inherited from the Congress Government, is a diseased system. It must be given some tonic, so that its health is improved. Unless that is done, I am quite sure, whatever may be the assurances that may be given in the budget proposals, they will be of no consequence at all.

Then, there are certain Constitutional obligations which the Finance Minister should take itno consideration. I refer particularly to articles 268, 269 and 270 of the Constitution of India: these articles relate to collection of taxes and distribution of taxes between the Union and the States. Then I refer to article 340 which refers to the grants to be given so far as backward classes are concerned. I find no mention whatsoever so far as compliance with these articles is concerned. I would also request the hon. Finance Minister to give us more information about the details of defence expenditure. The Janata Party has a certain social policy and a certain economic policy. These should be spelt out. What is the social policy? What is the kind of society towards which the Janata Party wants to take the country? What is the economic policy? Whatever policy the Congress pursued, whether a socialistic policy, or a policy in favour of the public sector, but what happened ultimately was that the poor were made poorer; that was the result. This should be taken as a warning by the Janata Party, that merely changing the emphasis from industry to agriculture is

not going to be sufficient at all. The Directive Principles of the Constitution must always be borne in mind. Of course, the Directive Principles are not enforceable in a court of law; that is correct. But they are enforceable in this court of Parliament. The Directive Principles are in the nature of instruments of intructions. Just as formerly there were certain instructions given to the Governors-General, so also these are instructions given by the Constituent Assembly to run the Government accordingly, whatever Government may be there. Therefore, I am not satisfied with the Ceiling Laws.

They are talking about land reforms. How much land will one get, even if the Ceiling Laws are implemented? It would be hardly one acre per head! And the provision that has been made for the Backward Classes comes to only fifty paise per head. Then how can the Backward Classes be improved? More than 50 per cent of the people are absolutely without any kind of land and they have no means of livelihood at all. Therefore, according to the Directive Principles, what is required is that every citizen, man and women, must be given adequate means—not only 'means' but 'adequate means'—of livelihood. Unless the economic system is pursued in that direction, I am quite sure that the masses will remain always in utter poverty. If this hapepns, I am afraid and I am sorry that India will not be a civilised nation at all. If India is to be a civilised nation, if India is not to continue to be a poor nation (as India is now sitting among a group of developing countries which are asking aid from the rich countries) and since the fate of India is the fate of the poor people of this country in relation to the propertied classes, I submit that there should be a direction to see that our men and women have adequate means of livelihood.

Now, I am very sorry that the Finance Minister has stated in his speech that so far as the plan for the Backward is concerned, it is the responsibility of the States. The State Governments say that it is the responsibility of the Zilla Parishads and the Zila Parishads say that it is the responsibility of the Gram Panchayats. This is how the responsibility with regard to the Backward Classes is being shunted from the Centre to the State, from the State to the District and from the District to the Village Panchayats, ultimately throwing them to the wolves. The provision for the Backward Classes includes the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other Backward Classes and there are other categories of people also. Therefore my submission is that this Government should shoulder the responsibility as per the Constitution. If this responsibility is not shouldered by this Government, it will be a breach of the Constitution.

Now I come to another point. The defence expenditure is increasing enormously. In the year 1950 it was Rs. 260 crores and today the Defence expenditure has risen to Rs. 2646 crores, rising in porportion to the rise in the Budget. Even though there is a certain amount of cut—and I welcome that cut—there should be a still further cut because this is going to be a budget within a budget. Just as the Railway Budget is a budget within a budget, the Defence budget is going to be a budget within a budget. Though our frontiers must be well guarded, this Defence amount which is rising out of all proportions must be checked.

Then, I come to subsidy. The subsidy is of the order of Rs. 460 crores. Is there any relief given to the consumers? Let the subsidy be given in a manner by which the consumers are benefited.

Finally, I come to the *per capita* gross national product. India's *per capita* gross national product is so low that the USA's is 50 times greater and Japan's is 30 times higher. Why

[Shri B. C. Kamble]

is our *per capita* gross national income so low? It is for the simple reason that the relationship of the propertied classes and the propertyless classes is of disburst and so wide. This relationship has continued even from the time of the foreign rule, the same relationship is continuing. To-day there is no change whatsoever in that relationship. Unless there is a change, I am quite sure the *per capita* national gross product will not rise.

Finally, I make a few suggestions. My first suggestion is that so far as the food subsidy is concerned, it should be given to the rural masses. Secondly, as I submitted, there should be a further cut in defence expenditure. My third suggestion is that this budget should be divided into certain sectors and there should be one sector with regard to poorer people. They are nearly 30 crores. My fourth suggestion is that drinking water should be an item of first charge. These are the suggestions for the consideration of the Finance Minister. It is true that the Finance Minister has attempted in his own way to see that the Budget proposals are made agreeable, but having regard to the goal of *Sampurna Kranti*, total revolution, even though there is some peace in the land, I am quite sure people will not remain silent and there will be tension again. Therefore, the Janata Party government should think over these suggestions and implement them.

With these words, Sir, I conclude.

SHRI R. VENKATARAMAN (Madras South): As I rise to offer a few comments on the General Budget, I would like to refer to one matter which is of very great importance to the rights of the Parliament. My esteemed friend, Shri Kamath, yesterday said that there is an erosion in the hours of our debate in respect of the budget and that over the years, the number of hours allowed has been going down. I have another complaint, far more serious than that. Over the years the information available to Parliament has been continuously going down. I will illustrate this point.

In the past a conventional presentation of budget included a Statement of Accounts for the year ended, a Statement of the Revised Estimates and then a Statement of the Budget Proposals for the year ahead. In the last few years we have somehow omitted to give the accounts for the year ended with the result that there has been no opportunity for the Parliament to compare the Revised Estimates with the actual figures for the year ending. I have got one or two figures to show how the Parliament has not been able to check and verify whether the revised estimates presented in the previous year have been correct, accurate appropriate and proper. You take the Budget speech for the year 1976-77. Then the Finance Minister said that in the current year, that is, in 1975-76, there was expected to be a deficit of Rs. 490 crores. Now in this budget there is no Statement of Accounts for the year 1975-76 with the result that we do not know whether the budget deficit was Rs. 490 crores or Rs. 400 crores or Rs. 300 crores or no deficit at all or whether it was a surplus. Again this year the Finance Minister has stated that the revised estimates for the year 1976-77 is expected to close with a deficit of Rs. 425 crores. Next year unless the actual figures are provided in the budget for the year 1978-79, we will not be able to judge whether there was in fact such a deficit. So, whatever considerations induced a change in the procedures in the past, it is time that Parliament asserted itself and asked for the figures for the year ended along with the revised estimates so that we may know whether the revised estimates were properly made, and whether the revised estimates tally with the accounts ended and if there

are variations, why there are such variations so that it may serve a guide for the future.

It is one of the privileges of Parliament to know how the finances have been managed. Parliament does not meet only to sanction the budget proposals for the next year. It has a duty as the custodian of the national finances to check and verify whether the amounts sanctioned have been properly spent and whether there has been any deviation.

This year the Finance Minister has gone one step forward. He did not give the reasons for the variations between the buget estimates and the revised estimates. This is very surprising. In the past at least they were giving the reasons for the variations between the budget estimates and the revised estimates but this year the Finance Minister has not given the reasons. In fact he stated:

> "The document which I am presenting to-day repeats the revised estimates for the year 1976-77 as given in the interim budget."

So, I was hoping, in the interim budget he would have given the reasons for the variations between the budget estimates and the revised estimates. In the interim budget presented in March this year, the Finance Minister stated:

> "It is not necessary for me to take you over various details of budgetary development during the current year for which the present Government can obviously assume no responsibility."

This is a new interpretation of our Constitution. It is really a strange interpretation. The pilots may change administration goes on. Whosoever may be the incharge of the Government, they must give to the Parliament the budget estimates and the reasons for the variations in the revised estimates. It is necessary for the Finance Minister to give figures. It is his duty to come forward and stated what the budget estimates were and what the revised estimates are and what are the reasons for that variation.

It may be that he can say that he is not responsible for the variations because he was not in charge. It is one thing to say that he is not responsible for it but it is another thing to say that he will not give even the variations in figures. It is an extraordinary thing and I am quite sure Mr. Speaker will take a note of this and see that at the time of presentation of budget in future such a left handed treatment is not afforded to Parliament. I very strongly protest against the manner in which this House has been treated. To state merely that he is not going to give the reasons for the variations because he was not responsible is not good. It is not a question of fixing responsibility. It is a question of the country, of the people, of the Parliament. Parliament must know the variations that have taken place, the modifications that have taken place and the reasons for that and then it is for the Parliament to fix responsibility. To refuse to give the figures is a blatant failure of duty of which I am afraid the Finance Minister is guilty. I hope that what I have stated here will be appreciated by Government and that this will not be taken as a precedent and that they will continue to give the figures which are the absolute right of Parliament to get.

Sir, I will not cover the same ground covered by the speakers on this side of the House. I wish only to refer to some of the points made by my esteemed friend Mr. Biju Patnaik in the coarse of the debate yesterday. He is an old friend of mine and I thought he would be here. It may be that he has just gone out. There is

[Shri R. Venkataraman]

nothing personal against him, but I am saying this only to meet his argument. It has been repeated by the Finance Minister that during the year ending January 1977 the money supply in the country increased by 17.1 per cent causing inflation and a price hike in the country. It was implied that the money supply was mismanaged by the previous Government and that the price hike and inflation consequent thereon were the results of such mismanagement.

Now, Sir, if one looks at the facts one would realised that the increase in the money supply was an index as well an effect of the affluence which the country was going through.

There was the buffer stock of 18 million tonnes which had to be financed by bank borrowing. It led to the large issue of money to meet these charges. Now, Mr. Patnaik asked yesterday a direct question addressed to my friend Mr. Subramaniam. He asked: Why did you accumulate 18 million tonnes of foodgrains in this country? After all this country wants only 11 to 12 million tonnes of foodgrains in case of deficit. Therefore, why did you accumulate 18 million tonnes? This is what he asked. Now, had we not accumulated or bought these surplus foodgrains what would have happened? The prices would have slumped. Agriculturists would have suffered. The whole agricultural economy would have slumped and would have become completely ruined. This is what would have happened.

Secondly, as hon. Members of Parliament are aware, throughout the advanced countries, there is always a policy of giving 'price support' for the agricultural products. Whenever agricultural products go down in price, the Government steps in order to sustain the agricultural prices. Otherwise agriculturists will suffer or there will be a tendency to divert utilisation of land from food to some other crops, leading to possible food shortage. Therefore, it is the imperative duty of any civilised Government to buy surplus food stock which is grown in the country in order to give support to them. If that thing had not been done, the agriculturists would have been ruined and the country's economy would have been ruined also.

My second point is this. Suppose the Government had not purchased the food. What would have happened? The private traders would have bought them at lowest prices. They would have certainly exploited the situation. They would have sold it at much profit for themselves. This would have been the direct result if such a thing had not been done. That is why surplus food had to be bought.

MR. CHAIRMAN: The hon Member's time is over.

SHRI R. VENKATARAMAN: I have some more points to deal with.

MR. CHAIRMAN: You may have another five minutes.

SHRI R. VENKATARAMAN: I want half-an-hour.

MR. CHAIRMAN: Time allotted is very short. You can have a few more minutes.

SHRI R. VENKATARAMAN: Some of us have spent hours and hours and days and days on this. I was a Member of Planning Commission. I am an intellectual who has strayed into politics. I had prepared a few points for the benefit of the House as a whole. If you think that I am talking irrelevant then you stop me.

MR. CHAIRMAN: I am not on that point.

SHRI R. VENKATARAMAN: I will talk in telegraphic English. The second reason for the larger money supply is the large inflow of remittances that have taken place. Is it

wrong for the country to have foreign exchange remittances? What should the Finance Minister do in order to restrict the money supply? Should he immediately put a ban on foreign remittances? This is a fantastic porposition.

Then Mr. Patnaik said because you did these two things so you have ruined the economy and inflation has come into this country. I think he is not supported even by the Finance Minister in this respect. The Finance Minister has said and I quote:

> "The current level of food stocks and foreign exchange reserves do give us wider options in the management of the economy than ever before."

In fact, the Finance Minister has cancelled the argument of Mr. Patnaik.

MR. Chairman, Sir, the next point that I would like to touch is about 'rapid growth rate'. It is an axion that you cannot have a graphic growth rate unless you have savings and investment and the policies which have been enunciated in the budget go contrary to the encouragement of savings in the country.

Take, for instances, the savings in other countries as compared to ours. In Japan the savings are 37 per cent of the national product; in Canada it is 33 per cent; in France it is 25 per cent and in our country it is 14.5 per cent.

The Planning Commission in its report for the Fifth Plan has said that by 1978-79 the savings should be of the order of 13,913 crores of which 85.05 crores will be in the household sector. If you analyse the household sector you find that bank deposits are the most important element in the household sector. What have you done? By reducing the interest rate on the savings bank deposits from 5 to 3 per cent you have introduced disincentives to savings in this country. While on the one hand you say that you want private savings in order to enable further investment on the other hand you reduce the savings bank interest rate. The answer which was given by the hon. Member was that some of these people are using the savings bank account as a current account. If people use savings account as current account then the obvious thing to do is to check this abuse. It is not that you are the only country in the world who have got this problem. The Western countries have also got the problem. They have solved it in a different way. For instance, in a Western country, if a person having a savings account wants to ask the facility of cheques, he pays a small service charge on each cheque. In some countries they limit the number of cheques that can be issued in a month. In our country also you can allow 5 per cent interest on the savings deposit and say that a depositor can issue only 3 cheques in a month or you can say if the depositor uses more than 3 cheques in a month, then the amount standing in his credit will lose interest for that particular month. That is the way to encourage savings. The second thing which will affect the savings is the raising of the surcharge percentage from 10 to 15 on all incomes over Rs. 10,000. Sir, this 15 per cent surcharge is a regressive tax. It falls heavily on the lower income groups and lightly on the higher income groups. Persons who have an income of Rs. 15,000 to Rs. 20,000 have to pay this increased surcharge. Persons who are getting Rs. 2,000 per month are to pay this increased surcharge. The hon. Minister has increased surcharge, which means that whatever little savings that the lower and middle class people can contribute to the welfare of the country, to the wealth of the country, will not be available any more. Added to that, you have got compulsory deposit. Here I have a suggestion to make. So far as the incomes between Rs. 10,000 and Rs. 30,000 are concerned, the 10 per cent surcharge which is now in vogue may be continued. So far as the incomes over Rs. 30,000 or Rs. 50,000 per

[Shri R. Venkataraman]

annum are concerned, the enhanced surcharge of 15 per cent may take effect. By this we will be helping the lower and middle income groups to save not only for their own purpose, but in the process of saving, the country will be benefited by using such savings for the purpose of economic growth. This is very important.

Yesterday Mr. Biju Patnaik got angry with Mr. C. Subramaniam who referred to the budget as swatantra budget. We should get into the background of the Janata now. Shri Jaya Prakash ji has been the inspirer of the total revolution, which at its crest, brought about the present Janata Government and he may be considered to be the godfather of this Government. But, I would tell you who the real godfather is The real godfather of this government is Rajaji in Heaven. It was Rajaji who said that the Congress in this country is moving more and more towards the left under various influences. Therefore, as an alternative, as a balancing factor, we need to have a rightist party, and that is why he created the Swatantra party. He very much desired that the Congress Government should be replaced by a rightist Government, namely, the Swatantra Government. Unfortunately, this objective of his could not be realised during his lifetime but he should be glad in his heavenly abode—I hope he is in heaven—to see that the government of his conception has now taken over.

Mr. Chairman, whatever may be character of this party, this party can be compared to *'khichri'*....

चौधरी बलबीर सिंह (होशियारपुर) : यह खिचड़ी आपको हजम नहीं होती है ।

SHRI O. V. ALAGESAN: Among the ingredients of this 'khichri' you do not find the name of Swatantra but it is salted and flavoured by Swatantra. This aspect has been well brought out by Mr. Patel in his budget by giving concession after concession to the priavte sector.

You had a comfortable position of foreign exchange reserves at the end of 1976-77. It amounted to Rs. 2,863 crores. I am told today it stands at Rs. 3,360 crores. Even this was considered to be a burden by my friend. Shri Biju Patnaik. You are going to draw Rs. 800 crores out of this. The Finance Minister has not spelt out as to what is he going to do with these Rs. 800 crores. I understand various committees at the government level have been doing an exercise as to how to utilise it. If you had drawn Rs. 870 crores from these reserves, then your budget could be called a balanced budget and if you had drawn Rs. 900 crores, then it could be called a surplus budget. There are some reports to the effect that this sum will be utilised to buy more ships and trawlers.

MR. CHAIRMAN: At this stage I would like to point out that you have three triangular steel plants in the South which are yet to come up. These steel plants had been promised sufficient money but I find sufficient money has not been allotted. The foreign exchange reserves can be utilised for purchasing machinery to bring these three steel plants to fruition at a much earlier date.

I am glad to find that a sum of Rs. 13 crores has been allotted for the Salem steel plant. Last year only Rs. 3 crores had been allotted but as the year advanced, the then Steel Minister and the then Prime Minister wanted to give more money. I am happy that a larger sum has been allotted for this purpose now. Then a word about the Kalpakam atomic power plant. It has been delayed for quite a long time and I find that the provision made for both the units now is even less than what was made last year. I do not know why is it so. We are told that the first unit will become critical in 1979 and go into production in 1980. The second unit will become critical in 1981 and go into production only in 1982.

Mr. Ramachandran, please see that all these things come up when you are the Minister of Energy. So some thing should be done to expedite these things whether it is more money or whether it is something which can be purchased with a huge amount of foreign exchange that is at your command. So you do something and expedite to see that these things come up much earlier.

17.00 hrs.

Then, for Neyveli a provision of Rs. 46.76 crores has been made out of which a paltry sum of Rs. 5 crores has been earmarked for a new lignite based power plant with a capacity of 200 MW. Lignite is available there. Now, this is a half hearted measure. But what we should ask for is that there should be a second mine cut. We do not want a 200 MW plant there. We cannot jump on to a 1000 MW plant even at the first stage. This can be done in stages. But it should be a 1000 MW power plant based on a second mine cut. It is all right, you are going to increase lignite to 6 million tons capacity and above as the immediate programme. But as far as the second power station is concerned, you should be clear that it should be a 1000 MW power plant based on a second mini-cut.

Then I come to handlooms. My constituency is full of handloom weavers. Of course, Tamil Nadu consists of a large number of handloom weavers. An exemption from duty has been given to 20s. Now the handloom weavers do use yarn of 40s and 60s also and a lesser exemption has been

given—a small reduction in duty has been given—with reference to 40s and 60s. I would plead that if the exemption has been given to 20s, it should also be given to 40s and 60s. A lot of concessions have been given to powerlooms. We have no objection to powerlooms being encouraged, but there is a factor which should be taken note of. There is a possibility that the powerlooms would set themselves up as a very powerful competitor and as a harmful competitor to handlooms. I am told that the Sivaraman Committee recomended that handlooms should be protected against powerlooms. This is a step in the right direction. At present you should not set up a powerful competitor against the handloom industry and against the poor weavers who are eaking out their livelihood from this industry. This has to be examined very carefully. Whatever concessions you have given to powerlooms should not in any way harm the interests of lakhs and lakhs of handloom weavers. Sir, this is all what I wanted to say.

श्री रामजी लाल सुमन (फीरोजाबाद): अध्यक्षता महोदय, वित्त मंत्री जी द्वारा पेश किया गया यह बजट निस्संदेह अब तक जो बजट पेश किये गये हैं उन की तुलना में एक अच्छा बजट है और जनता पार्टी ने लोक सभा चुनावों में जनता के साथ जो वायदे किये थे, उन वायदों को पूरा करने का काम इस बजट में किया गया है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की प्रक्रिया में वित्त मंत्री ने इस में बजट चार चांद लगाये हैं। कुछ महत्वपूर्ण चीजों की ओर जो इस बजट में रखी गयी हैं

मैं आपके माध्यम से मन्त्री महोदय से यह कहना चाहता हूं कि रुग्ण उद्योगों को स्वस्थ उद्योगों के साथ जोड़ना जहां ठीक है वहां मुनाफ़े की दर पर भी असर पड़ेगा और राजस्व की हानि होगी क्योंकि रुग्ण उद्योग पूंजीपति अपने हित में करते हैं। वे अपने मिल का विकास और आधुनिकीकरण तो नहीं करते बल्कि दूसरे उद्योगों में अपनी आय लगाते हैं। परिणामस्वरूप मूल उद्योग रुग्ण हो जाता है तथा दूसरे उद्योग उभरते हैं। इसके लिए अच्छा यह होगा कि रुग्ण उद्योगों के मालिकों के जो अन्य उद्योग हों, उनके साथ इन्हें जोड़ा जाए तथा इन मामलों की उचित जांच की जाए।

जहां तक शिक्षा का सवाल है, शिक्षा के लिए 85.67 करोड़ की व्यवस्था है और स्कूली शिक्षा पर 4.35 करोड़ की व्यवस्था है। जनता पार्टी 12 वर्ष में सब को कम से कम मिडिल तक शिक्षा देना चाहती है। अगर स्कूली शिक्षा पर व्यय इसी अनुपात में रहेगा तो 12 के स्थान पर 22 वर्ष में भी सब को शिक्षा प्राप्त नहीं होगी, जिससे देश के विकास पर प्रभाव पड़ेगा। आवश्यकता इस बात की है कि जो धनराशि शिक्षा पर खर्च की जा रही है वह कम है—शिक्षा पर और ज्यादा धनराशि खर्च होनी चाहिए, जिससे देश का विकास हो सके।

जहां तक स्वास्थ्य का सम्बन्ध है, स्वास्थ्य के लिए 83.14 करोड़ रुपये की व्यवस्था है। इसमें से चिकित्सा पर 11.48 करोड़ रुपये की निर्धारित राशि है, जिसमें भारतीय पद्धति तथा होम्योपेथिक पद्धति के लिए केवल 2.53 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है जबकि इस देश में आयुर्वेदिक दवाएं जन जन तक पहुंचती हैं। आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण के लिए न तो कोई रसायनशाला सरकार खोल रही है और न ही उसके लिए कोई विशेष धन दे रही है जबकि स्वास्थ्य मन्त्री जी रोजाना यह कहते हैं कि देश में भारतीय चिकित्सा प्रणाली का विकास होगा। आवश्यकता इस बात की है कि जो आयुर्वेदिक चिकित्सा हैं उस पर इस सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि हिन्दुस्तान की अधिकांश जनता देहातों में निवास करती है

[श्री रामजी लाल सुमन]

इस देश में 80 परसेन्ट लोग देहातों में रहते हैं और जहां पर जिन देसी दवाओं का प्रचलन विशेष रूप से होता है, उन पर सरकार को अधिक ध्यान देना चाहिए ।

अगली बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जनता पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र में एक बात कही गई थी और वह यह थी कि जनता पार्टी की सरकार अगर केन्द्र में आसीन हुई, तो वह झुग्गी-ध्वंस होने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करेगी । इसमें उनको बसाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है । बुल-डोजर के शिकार हुए लोगों को बसाने का वायदा जनता सरकार ने किया था मगर बजट में आवास मन्त्रालय के लिए जो 26.58 करोड़ रुपये निर्धारित किये गये हैं, उनमें इन व्यक्तियों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है । सौन्दर्यकरण के नाम पर जो हजारों लोगों को उजाड़ा गया है, जनता पार्टी की सरकार को उन पर भी ध्यान देना चाहिए और उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए । मेरा मन्त्री महोदय से विनम्र निवेदन है कि वे इन लोगों की तरफ विशेष ध्यान दें ।

ग्रामीण और लघु उद्योगों के लिए 83.20 करोड़ रुपये की व्यवस्था है जिसमें खादी ग्रामोद्योगों के लिए केवल 35 करोड़ रुपये की व्यवस्था है । हथकर्घा उद्योग के लिए 16.75 करोड़ की अल्प राशि रखी गई है । यह बहुत अल्प धनराशि है और ग्रामों में सभी बेरोजगारों में से केवल 5 प्रतिशत को ही इस राशि से रोजगार दे पाएंगे । मैं आप के माध्यम से मन्त्री जी से कहना चाहता हूं कि बेरोजगारी की समस्या सबसे बड़ी समस्या है और सरकार को चाहिए कि इस पर गंभीरता से ध्यान दे और ज्यादा राशि इसके लिए रखे ताकि बेरोजगारी का निदान हो । नहीं तो हमें इसके परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं ।

जहां तक सड़कों का सवाल है कांग्रेस पार्टी की सरकार ने चुनाव के वक्त बहुत सी सड़कें बनाने का वायदा जनता के सामने किया गया था और जहां पर सड़कें नहीं थीं, वहां पर नाप का काम बहुत बड़े पैमाने पर हुआ था । जहां सड़कें अधूरी हैं, उन सड़कों का निर्माण किया जाए । जनता पार्टी की सरकार को इन सड़कों के निर्माण के लिए तुरन्त कदम उठाने चाहिएं । बजट में सड़कों के लिए 40 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है जो कि बहुत कम है । सरकार को चाहिए कि इसमें और धनराशि जोड़ कर सड़कों का निर्माण कार्य तेज करे ।

जहां तक पीने के पानी का सवाल है इसके लिए भी 40 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान है । यह अच्छा काम है । लेकिन जरूरत इस बात की है कि जो धनराशि खर्च की जाए उससे जनता को लाभ पहुंचे । इससे पहले इस मद में जो धनराशि खर्च की गयी उससे जनता को लाभ नहीं पहुंचा । इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों को हिदायतें दे कि इस काम को जन प्रतिनिधियों के सहयोग से अच्छे ढंग से पूरा करें । पीने के पानी की व्यवस्था का गांव वालों के लिए बड़ा महत्व है ।

हरिजनों के लिए सुविधाएं उनके गांव के पास ही मुहैया होनी चाहिएं । जहां तक उनके लिए प्रावधान का सम्बन्ध है, मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि इस बजट में उनके साथ अन्याय हुआ है और उनके लिए इस बजट में कोई धनराशि नहीं रखी गयी । शिक्षा के नाम पर भी इस बजट में हरिजनों के लिए कोई प्रावधान नहीं है । उनके लिए छात्रावासों और विद्यालयों में स्थान का प्रबन्ध होना चाहिए । इस देश में जो लोग हरिजन हैं, जिनके पास मकान नहीं है, उनके लिए भी सरकार ने कोई प्रावधान नहीं किया । मैं मन्त्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि हरिजनों की दशा सुधारने के लिए जरूर प्रयास करें ।

घड़ियों के पुर्जों के आयात पर सीमा शुल्क 120 प्रतिशत से घटा कर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। जबकि तैयार घड़ियों के आयात पर दस प्रतिशत कर बढ़ा दिया गया है। इससे विदेशी घड़ियों की स्मगलिंग बढ़ेगी। वित्त मन्त्री जी को इस पर ध्यान देना चाहिए।

धन कर में जो बढ़ोत्तरी की गयी है वह कम है। क्योंकि यह वर्ग सरकार को अधिक कर दे सकता है। यदि वित्त मन्त्री जी 2.5 लाख रुपये पर आधा प्रतिशत के स्थान पर पौन प्रतिशत कर सकते हों तो अच्छा है। जबकि इनकम टैक्स प्रथम श्रेणी में अधिभार के रूप में बढ़ाया गया है। आय कर के लिए जो आयकर की सीमा बढ़ाई गई है उससे ढाई लाख लोगों को लाभ होगा।

कुल मिलाकर इस बजट में जनता की मान्यताओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया गया है लेकिन कांग्रेस सरकार ने जो जर्जर अर्थव्यवस्था छोड़ी है उसमें निस्संदेह जनता की सभी आकांक्षाओं को पूरा करना एक साल में सम्भव नहीं है। फिर भी अब जो बजटप्रस्तुत किये जाएंगे वे क्रांतिकारी बजट होंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बजट का समर्थन करता हूं।

श्रीमती चन्द्रावती (भिवानी) : सभापति महोदय, वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ी हुई हूं। यह ठीक है कि यह बजट हमारी आकांक्षाओं को पूरा नहीं करता। लेकिन जो वादे हमने किये थे, उनको किसी हद तक यह पूरा करता है। मुझे इस बात की परवाह नहीं कि आपने इस बजट में टैक्स बढ़ाये हैं। लेकिन अगर लोगों की परचेजिंग पावर बढ़ती है तो उसके बाद लोगों पर टैक्स लगाने से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

जो भी बजट आते हैं अगर वे ठीक से इम्प्लीमेंट किये जायें तो उनसे देश में काफी तरक्की हो सकती है। बजट को इम्प्लीमेंट करने के लिए हमें स्टेट गवर्नमेंट्स पर भी निर्भर करना पड़ता है। आज मुझे इस बात की खुशी है कि हमारे देश के बहुत से राज्यों में अब जनता पार्टी की सरकारें बन गयी हैं जिससे हमें अपने बजटों पर अमल कराने में आसानी रहेगी। इसलिए मैं वित्त मंत्री जी से चाहूंगी कि वे इस बात को देखें, कि बजट का ठीक से इम्प्लीमेंटेशन हो।

अब मैं दो-तीन बातें खेती के लिए कहना चाहती हूं। उनको कोई इंसेंटिव नहीं दिया गया है। खाद के ऊपर कोई खास बात नहीं कही गई है। खाद काफी मंहगा है। जितना वजन लिखा रहता है उतना वजन भी नहीं निकलता है। जहां से पैक हो कर आता है वहां आपको इसको देखना चाहिए। किसान तक कट्टा जब पहुंचता है तो उसका वजन पांच से ले कर दस किलो तक कम निकलता है। जबकि उसमें कीमत पूरी ली जाती है तो यह भी देखा जाना चाहिए कि जितने वजन की उसे कीमत ली जाती है उतना वजन उसको दिया जाये आपको इसका प्रबन्ध करना चाहिए कि किसान तक पूरा वजन पहुंचे।

एग्योर्ड बिजली और एग्योर्ड पानी भी किसान के लिए आपको देना चाहिए और इसका पक्का इंतजाम करना चाहिए। जितनी पैदावार आज होती है उससे कहीं ज्यादा पैदावार हो सकती है यदि आप इन दो चीजों का पूरा पूरा इंतजाम कर दें।

[श्रीमती च द्रावती]

छोटे किसानों के लिए एक स्कीम चली थी एम एफ डी एक । इस स्कीम के लिए जो पैसा रखा गया था उसका अगर आप स्टेट गवर्नमेंट्स से हिसाब मंगाएंगे तो आपको पता चलेगा कि करीब करीब इसका सारा पैसा सरेंडर हो गया था । एक मद का पैसा दूसरी में खर्च भी कर दिया जाता है । कही का पैसा कहीं दूसरी जगह चला जाता है। मार्जिनल फार्मर्ज को यह पैसा नहीं दिया गया ।

ऐसा किसी चीज में नही होता है जैसा किसान की पैदावार में होता है । कपड़ा अगर ज्यादा बन जाता है तो कपड़े के भाव गिर नहीं जाते हैं । अगर ज्यादा गज कपड़ा तैयार हो जाता हैं तो उस हिसाब से उसकी कीमतें गिरती नही है। मिल मालिक ही उसकी कीमत तय करते है । लेकिन किसान की पैदावार के साथ यह बात नही होती है । जैसे ही उसकी पैदावार उसके घर में आती है चाहे जो भी जिस की, तिलहन हो, मूगफली हो, मरसों हो, गेहूं हो, चावल हो, जैसे ही वह खेत से उसके घर में आती हैं उसके भाव गिर जाते हैं । उसका इफैक्ट बड़े किसान पर नहीं पड़ता है क्योंकि उसके पास स्टोरेज कैपेसेटी होती हैं और वह उसको स्टोर करके रख सकता है । लेकिन छोटा किसान ऐसा नहीं कर सकता है। क्या आपने इस पर विचार किया है कि जिस दिन उसके खेत से अनाज इकट्ठा हो जाता है उसी दिन उसकी कीमत घटनी क्यों शुरु हो जाती है और क्या इसका कोई उपाय आपने सोचा है ? अनाज आदि की कीमत घटने से मजदूर को इसका लाभ नहीं पहुंचता है । मजदूर तो रोज ले कर खाता है । उन्हीं को इससे फायदा होता है जिन को एक्सोर्ड इनकम है । एक्सोर्ड इनकम इस देश में गवर्नमेंट सर्वेंट के सिवाय किसी को नहीं है । चपड़ासी को भी मैं इस में शामिल करती हूं । बाकी लोगों की नहीं है । मैं चाहती हूं कि इसका फायदा उनको पहुंचे जिन को पहुंचना चाहिए । किसान तो घाटे में रहता है । इस तरफ आपको ध्यान देना चाहिए ।

उसके पीछे चूहे भी लगे रहते है। एक गांव में तो लोग इस वास्ते खुश हो गए कि गांव के चूहे मरवा दिए गए थे । यह बहुत बड़ी बीमारी है। इसकी तरफ भी आपको ध्यान देना चाहिए ।

मुझे याद है दो साल पहले जो सीड बाजरे का, संकर बाजरे का सप्लाई किया गया था उससे जो बाजरा पैदा हुआ वह कड़वा था । पिछली सरकार ने कुछ नहीं किया इसके बारे में । किसी प्रकार की किसान की उसने सहायता नहीं की । सहायता की बात तो दूर इस बात तक की जांच नहीं करवाई कि यह कैसे सप्लाई हो गया । इसके बारे में भी इनक्वायरी होनी चाहिए ।

1972-73 की बात होगी । बड़ा भारी गेहूं के सीड का स्कैंडल हुआ था । बम्बई वह भेजा गया था । तब क्या हुआ यह भी इनक्वायरी की मांग करता है । किसान से किस भाव से

लेते हैं और कंज्यूमर को किस भाव से देते हैं यह भी आपको देखना चाहिए ।

छोटी मोटी चीजें हैं उनकी तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहती हूं । प्रिवलेज्ड क्लास कोई नहीं रहनी चाहिए । हाथ की घड़ी सब को नहीं मिलती है । मुझ से दो तीन आदमी दस्तखत करवा करके ले गए हैं । बाजार में सब को यह खुली मिलनी चाहिए । गैस का चूल्हा हर एक गृहणी को चाहिए । इसको आप नहीं कर सके हैं । कुछ ही लोगों को गैस चूल्हा मिला है । सब को मिलना चाहिए ।

पहले वक्ता ने शिक्षा की बात कही और कहा है कि इस में ज्यादा खर्च होना चाहिए । मैं इसको मानती हूं । कि अगर हम शिक्षा ही लोगों को दे दें और कुछ न दें तो वह अपने आप चीजें पैदा कर सकते हैं । लड़कियों की पढ़ाई आज नहीं के बराबर है, पिछले 10 सालों में जो स्कूल , टैक्नीकल स्कूल या सिलाई के स्कूल थे सब डीजेनरेट हो गए । टैक्नीकल स्कूलों की मशीनरी बेच कर खा गए । भ्रष्टाचार का बोलबाला है । मुझे एक बात का अफसोस है कि जो ऐडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज के लोग हैं इन का संविधान में एश्योरेंस दिया गया है इकोनामिक सेक्योरिटी का. यह सब लोग करप्ट हैं । इन को आसानी से हाथ नहीं लगाया जा सकता । करप्ट पोलिटीशियन्स को तो जनता ने छुट्टी दे दी, लेकिन करप्ट सर्विसेज के लोगों में कैसे सुधार होगा, यह चिन्ता का विषय है । जब तक हम लोगों को क्लीन ऐडमिनिस्ट्रेशन नहीं देते तब तक कोई लाभ जनता को नहीं होगा ।

इसी प्रकार से जो भवन निर्माण का दौर चल रहा है उस पर पाबन्दी लगनी चाहिए, 5 साल तक कोई भवन निर्माण नहीं होगा । भिवानी का एक उदाहरण देना चाहती हूं कि बाबू छज्जू राम जी एक सेठ हुए हैं जिन्होंने एक अस्पताल बनाया था जो 200 साल तक टूटने वाला नहीं था । लेकिन उस को तोड़ कर 6,7 करोड़ का एक नया भवन दिया गया, एक लाइब्रेरी बना दी । जिन्होंने इस तरह नुकसान कराया है उन से पैसा लिया जाय ।

हमारे यहां मुन्डी की पढ़ाई होती थी जो दुकानदार का पहला पाठ होता था । इसी तरह से अपने स्कूलों में चाहे खेती हो, दुकानदारी हो, ज़मीन मैनेज करने की बात हो जब तक शिक्षा को उस तरह का नहीं करेंगे जिस से इन कामों में लगे लोगों को लाभ मिले तब तक बेकारी का कोई हल हम नहीं निकाल सकेंगे । आखिर कितने कलर्क दफ्तरों में भर्ती करें ? इनऐफिशियेंसी की एक यह भी वजह है कि ऐडमिनिस्ट्रेशन बहुत भारी है । हरियाणा में 5 जिले के 10 जिले बनाये गए और एक कास्टीट्यूऐंसी का एक एक सब-डिवीजन बना दिया । वहां 20 डी० आई० जी हैं । पुलिस पर इतना पैसा खर्च किया जा रहा है । इस तरह के बेकार ऐडमिनिस्ट्रेटिव खर्च को काट कर वेलफेयर के काम में उस पैसे को खर्च करना चाहिए चाहे हमें वेलफेयर का दूसरा महकमा खोलना पड़े । जंगल लगाने पर ज्यादा खर्च करना चाहिए । बजट में हम कितना पैसा शिक्षा या पानी के लिए देते हैं यह प्रश्न नहीं है । बल्कि प्रश्न इमप्लीमेंटेशन का है ।

मैं पानी का जिक्र जरूर कर दूं क्योंकि खेती से इस का घनिष्ट सम्बन्ध है । मुझे

[श्रीमती चन्द्रावती]

याद है, बहुत दिन हो गए एक बांध बनाना है व्यास प्रोजेक्ट का जो 1973 में पूरा होना था, लेकिन वह अभी तक पूरा नहीं हुआ। पाकिस्तान को पानी जा रहा है लेकिन लिंक कैनाल नहीं बनाई गई अभी तक। इन सब कामों में देरी के लिए पिछली कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है।

अब मैं ट्रांसपोर्ट के बारे में दो, चार बात कहना चाहती हूं। मेरा हमेशा विचार रहा है कि सड़क के साथ सभ्यता आती है। हमारे ट्रांसपोर्ट में बहुत घपला है। अगर इस को ठीक तरह से चलाया जाय तो अकेला ट्रांसपोर्ट ही तीन चौथाई बजट को चला सकता है। उस में भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए। आवागमन का साधन हमारे यहां हवाई जहाज होना चाहिए। इस में कई लाभ होंगे, पहला तो यह कि हवाई जहाज ज्यादा बनेंगे जो लड़ाई के समय काम आ सकते हैं, साथ ही बहुत से पायलट भी देश में तैयार हो जायेंगे, और सब से बड़ा लाभ यह होगा कि अगर मुझे मद्रास जाना है और मुझे पता है कि 2 घंटे में वहां से वापस आ जाऊंगी तो मुझे हवाई जहाज से जाने में कोई हिचक नहीं होगी। इस से नेशनल इंटेग्रेशन में बड़ी मदद मिलेगी। लोग पायलट बनना सीखेंगे जो लड़ाई के दिनों में मुफ्त में हम को इतने सारे पायलट मिल सकते हैं और हवाई जहाज भी मिल सकेंगे जिनकी कि इतने बड़े देश को बहुत बड़ी जरूरत है।

मैं उद्योग के बारे में दो-तीन बातें कहना चाहती हूं। मैं यहां पहली बार एम० पी० बनी हूं, लेकिन मेरा व्यक्तिगत ज्ञान तो हरियाणा का ज्यादा है। सन् 1975 के अप्रैल, मई महीने में हमें ऐसा लगा कि शायद बंसीलाल चले जायें और बनारसी दास आ जायेंगे तो मैंने उद्योगों का डाटा वहां इकट्ठा किया था। 27 घोस्ट फैक्टरियां मैंने उस समय भिवानी में गिनी थीं और वह सिर्फ कोयला हड़प करने के लिए थीं। आप इससे अन्दाजा लगा सकते हैं कि सारे हिन्दुस्तान में कितनी घोस्ट फैक्टरियां हो सकती हैं और कितना कोटा सरकार से लेकर बेचा जाता है। मारुति के नाम से भी कोटा बेचा गया था, दिल्ली के चावड़ी बाजार में मोटर पार्ट्स या शीट्स बनाकर बेचा जाता था।

इसी तरह से अम्बाला में ट्रांसफार्मर की फैक्टरी खोली गई थी, उस वक्त भी सवाल आया था कि तांबा ही ब्लैक में बेच दिया गया होगा। मैं वित्त मंत्री महोदय के नोटिस में लाना चाहती हूं कि वह यह देखें कि फरीदाबाद में कितनी फैक्टरियां कागज पर रन कर रही हैं। अगर वह सब काम कर रही हों तो कितने लोगों को इससे एम्पलायमेंट मिल सकता है। यह ठीक ही है कि छोटे उद्योग धंधों पर ध्यान देने की कोशिश की गई है लेकिन जो बजट रखा गया है, उसमें मैं एक चीज से सहमत नहीं हूं। एक तो मैं अप्रत्यक्ष कर से सहमत नहीं हूं और एक मैं मिक्सड इकनामी के हक में नहीं हूं। जैसे चीनी की बात लीजिए, आधी चीनी तो कंट्रोल पर बिकती है और आधी बाजार में बिकती है। इससे क्या हुआ कि बाकायदा हम ब्लैक को रिकग्नाइज करते हैं। जैसे स्कूटर है अगर उसके मूल्य पर लेना चाहें तो नहीं मिलेगा, लेकिन ब्लैक में मिल ही जायेगा। इस तरह की चीजें हो रही हैं। हमें प्रोडक्शन के साथ साथ कंज्यूमर का भी ध्यान रखना है। हम नहीं चाहते कि बड़ी मशीनरी लगाने वालों को कम्पीटीशन ही न हो।

कम-से-कम बड़ी मशीनरी बनाने वालों का भी कंपीटीशन होना चाहिए जिससे अच्छी चीज बन सके, भले ही वह कार हो या कूटर हो। आज इनमें कंपीटीशन नहीं है, इसलिए चाहे जैसी चीज बाजार में आयेगी और जिस प्राइस पर आयेगी, कंज्यूमर को वह लेनी पड़ेगी।

आज आम आदमी की पहुंच तक के लिये रैफ्रीजरेटर क्यों नहीं-मिल सकते हैं। यह बड़े लोगों की चीज़ है, उसको पैसे वाले ही ले सकते हैं। मैं तो चाहूंगी कि 500 रुपये की कीमत के रैफ्रीजरेटर बनें जिससे आम आदमी, लोअर मिडिल क्लास तक वह पहुंच सके।

विदेशों की चीजों के लिए हममें बड़ा अट्रेक्शन है। इसीलिये हमारे यहां टेलीविज़न है। हिन्दुस्तान में कितने फीसदी लोग टेलीविज़न देखते हैं। मुझे याद है कि हिन्दुस्तान में एक व्यक्ति की इमेज बढ़ाने के लिए 40 करोड़ रुपये के टेलीविज़न आए थे। उसके पुर्जे विदेशों से आते हैं। यहां जो हम कान में सुनने का यंत्र लगाते हैं, यह भी हालैंड का बना हुआ है। जब हम लोगों के रिप्रेजैंटेटिव यहां विदेशी चीजों का इस्तेमाल करेंगे, तो लोगों का क्या हाल होगा और मैं समझती हूं कि इसीलिए स्मगलिंग बढ़ता है।

मैं बिजली के बारे में भी दो शब्द कहना चाहती हूं। पिछले आंकड़ों से पता चला है कि हमारे देश में बिजली का उत्पादन जापान जैसे छोटे से देश के मुकाबले में 1/6 है। बिजली का मतलब है वैलफेयर स्टेट—वैलफेयर स्टेट और बिजली का एक दूसरे से सम्बन्ध है, उसके बावजूद भी इतने ब्रेकडाउन हमारे यहां होते हैं जिसकी कोई हद नहीं है। बजली के ब्रेकडाउन से उद्योग और खेती दोनों को बहुत नुकसान होता है। ब्रेकडाउन का कारण इनएफ़िशेंसी भी है और घटिया सामान भी। बताया जाता है कि कुछ उद्योग धंधों द्वारा बनाई गई चीजों के लिए स्टैंडर्ड का सर्टिफ़िकेट लेने की ज़रूरत नहीं होती है। जिससे इनएफ़िशेंसी बढ़ती चली गई है। करप्शन और इनएफ़िशेंसी इकट्ठे हो जाते हैं। हम कितना भी बढिया बजट बनायें, लोगों को कितना भी इनिशिएटिव दें, लेकिन अगर हम उन लोगों को सज़ा नहीं देंगे, जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है, और अगर हम भ्रष्टाचार के रास्ते बन्द नहीं करेंगे, लूप होल्ज़ को प्लग नहीं करेंगे, तो फिर चाहे इंडस्ट्री के लिए लाइसेंस या कोटे का सवाल हो, चाहे खेती के औज़ार बनाने का मामला हो और चाहे बाहर से खाद मंगाने का प्रश्न हो, हम किसी भी क्षेत्र को भ्रष्टाचार से अछूता नहीं रख सकेंगे।

हमारे देश के लिये जंगलात का भी बहुत महत्व है। उनके कट जाने से छोटी छोटी नदियां रास्ता बदल लेती हैं। हमारे अम्बाला ज़िले में एक नदी के रास्ता बदलने के कारण उस पर दो पुल बनाये गये। अगर ज्यादा जंगल लगेंगे, तो नदियां रास्ता नहीं बदलेंगी। चिरापूंजी में भी अब पहले की सी बरसात नहीं होती है, क्योंकि वहां ज्यादातर जंगल काट लिये गये और उनकी जगह नये जंगल नहीं लगाये गये।

हमारे देश की असली तरक्की उस वक्त होगी, जब गांव का बढ़ई, जो हल बनाता था, जिसके दादा-परदादा हजारों वर्षों से हल बनाते आ रहे थे, उसकी जगह ट्रैक्टर बनाने लगेगा, जब गांव का आर्टिसन चमड़े का कारखाना लगायेगा, जब तानी बुनने वाला हैंडलूम लगायेगा। जब ऐसी व्यवस्था की जायेगी, तभी हम समझेंगे कि हमारा बजट विलेज-ओरियंटिड है। केंद्रीय सरकार को प्रदेश सरकारों को यह हिदायत करनी चाहिए कि यहां जो पालिसी बनाई जाती है, वे उसको रिलिजसली इम्प्लीमेंट करें।

SHRI MANORANJAN BHAKTA (Andaman and Nicobar Islands): Mr. Chairman, Sir, I rise to speak on the Budget proposals. I congratulate the Finance Minister, Mr H. M. Patel, for well-drafting the Budget proposals though the lofty Janata mountain has delivered only a mouse.

[Shri Manoranjan Bhakta]

He has stated in his Budget speech about agriculture and rural development. I quite understand his sentiments and I congratulate him for such a measure. But simultaneously I feel that he has not mentioned anything about land reforms. If there is no land reforms in the country, I cannot understand how these things are going to be implemented.

In the Budget he has shown a deficit of only Rs. 72 crores. It is only a manipulation because he has drawn Rs. 80 crores out of the foreign reserves. The previous Government can certainly claim the credit for this achievement due to which the Janata Government could get this much amount and show a deficit of only Rs. 72 crores.

But, in the meantime, I cannot understand why he has not drawn another hundred crores by which he could say that there is surplus budget. Of course, Dr. Subramaniam Swamy is not here and his friends could have easily beaten the drum, because of the surplus budget. I am not to criticise anybody personally here, but I observe that in the Finance Minister's speech, he has not mentioned anything about the working class, though I understand that many of the leaders who are now sitting on the Treasury Benches, they were fighting for the working classes for many years in the past. There are so many temporary workers. They have already worked in the CPWD and other departments for so many years, but still they are not made permanent. In his budget speech, he has not indicated for making them permanent.

As far as National Wage Policy is concerned, it is very much necessary, because I understand that two young men having the same qualifications are getting different emoluments—one is working in a bank and he is getting more emoluments than the other man who is working as LDC in the Government's Department. The LDC is getting less emoluments. If this type of disparity is not removed, we cannot serve the working class properly.

I come from a territory which is far away—as you know Andaman and Nicobar Islands. It is well-known as *kala pani*. There the local Government employees are denied Andaman special allowance. They have been fighting for a long period for this purpose. I appeal to the new Janata Government that they should consider this particular point. I know that in Arunachal Pradesh special allowance is given to all the Government employees. When they are getting it, why it should not be given to the employees of Andaman and Nicobar Islands. I appeal to the Government to keep this thing in mind and see that they should also be given Andaman special allowance irrespective of the place of recruitment and residence.

As far as central excise is concerned, it is mentioned here 23 paise, is alone earned by the Central Exchequer. But I do not find anything specific has been done for the welfare of the central excise staff. This machinery should be much more streamlined for the effective collection of revenue.

I find that in this budget nothing has been provided for them. In the Central Excise Department, for the collection of revenue, he has suggested change specific to *ad valorem*. I understand that the *ad valorem* system is much more progressive, radical and rational, but until and unless the machinery is not ready to cope with the new system, how he is going to solve the problem of litigation, because already there are a large number of litigations pending in the Central Excise Department. If you do not correct this machinery, then there will be many more litigations. In future, this point should be kept in mind.

We are aware that thousands and thousands of East Bengal refugees are rotting in the Mona camp and other places and they are not still rehabilitated. I have to say this with deep regret that in the budget speech, he has not mentioned anything for those homeless people; he has not mentioned when he is going to rehabilitate all these people. That is not a big problem now. All the old people who are in the Mona camp should be rehabilitated. On this issue proper care and attention is very much necessary.

I belong to a very backward territory of the country. Once upon a time this territory was chosen for life transportation of Indian patriots by the Britishers—the cellular jail, Bastile of India, having hallowed memories of the national liberation movement. The Andaman and Nicobar islands in the midst of Bay of Bengal, a group of 319 small and big islands, constitute a cosmopolitan Indian society, irrespective of caste, creed, religion and language—symbolic of a mini India.

This Union Territory is still under bureaucratic rule. Time and again the people of that Territory have been voicing their demand that they should be given this democratic right of having a popular set-up like Arunachal Predesh, Pondicherry and other Union Territories. The Janata Government are advocating for democracy, many of their Members say that they have liberated the people, that they are working for the restoration of democracy. I would like to appeal to them to think of providing this democratic right to us, to instal a popular set-up in the Andaman and Nicobar Islands. The Territory is now under the bureaucratic rule of the Chief Commissioner and is directly administered by the Union Home Ministry. Six types of very poor tribal people are residing there, people from all over the country, from north to south, are residing there; they belong to the working class; they are poor, tribal people. There are no roads, there is no provision for supply of drinking water. All these years there was no political murder there, but now due to the instigation of my old friend, this time, that also has happened, for the first time in the history of Andaman and Nicobar Islands, there was a political murder on 8th June. I tried to raise this issue in the House, but could not get the time. I tried many times to meet the Union Home Minister, but I could not, I do not know what happened, either the message was not conveyed to him by his personal staff or he did not like to meet me. As ours is a Union Territory and is under the direct administration of the Home Ministry, it is very necessary for us to meet the Home Minister frequently in connection with all these issues.

In this budget I do not find any specific incentive being provided for the industrial development of the bockward districts. I would like to appeal to the Finance Minister to draw up a programme for providing necessary incentives for development of backward districts in the country and, as my district and my territory is one of the most remote and backward territories, I would like proper care to be taken of it by the Finance Minister.

The Hon. Finance Minister has not considered the income-tax payers belonging to the salaried class being exempted from the compulsory Deposit Scheme which has been extended for another two years. I would appeal to him that at least the salaried class should be exempted from this.

While concluding I would like to mention another interesting point which I have noticed. There is no mention about smugglers and tax-evaders in the Budget speech. Does this mean that the drive against black-money and smuggling has been so well

[Shri Manoranjan Bhakta]

done by the earlier Congress Government that there is no need now for taking steps to curb blackmoney in the country?

Before I conclude I would once again request that the cooperatives, which play a vital role in the distribution system, should also be left out or exempted from income-tax up to Rs. 1,00,000.

I thank you very much for giving me an opportunity to speak.

SHRI SHEO NARAIN (Basti):

"For the last 21 months, the country lived through under the nightmare of absolute rule, wherein people were deprived of their fundamental rights and civil liberties, the judiciary lost its independence, the press was muzzled and the voice of dissent was silenced".

ये लाइनें मैंने आपको इसलिए सुनाई हैं ताकि इन लोगों के काले कारनामों का एक चित्र आपके सामने आ जाए । यह किसने कहा है ? यह दादा कृपलानी ने कहा है जो कि 93 वर्ष के बुजुर्गवार हैं और कांग्रेस के सर्वेसर्वा रहे हैं । **ही इज दि फादर आफ दि कांग्रेस** ।

अब मैं बजट के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । इस बजट के लिए सुब्रहमणयम साहब ने फाइनेन्स मिनिस्टर साहब को बधाई दी है क्योंकि उन्हीं की बनाई हुई यह चीज है । हम ने तो जल्दी जल्दी में थोड़ा रद्दोबदल करके बजट दे दिया है ।

'Next year you will get the real Janata Budget'.

अब मैं आपकी इजाजत से वर्तमान जनता सरकार से कहना चाहता हूं कि आप उनकी नकल न करें और उनके कदमों पर आपको नहीं चलना चाहिए क्योंकि यह सरकार जनता की बनाई हुई है । न यह मोरारजी की सरकार है और न मेरी सरकार है बल्कि पीपुल्स गवर्नमेंट है । सब से पहले जो नेशनल प्राब्लम है, उसको हमें सोल्व करना चाहिए । बरसात होने जा रही है । घाघरा नदी के किनारे से मैं आता हूं और 36 मील तक वह फैली हुई है । मैं बिहार के इरिगेशन के बड़े बड़े एक्सपर्ट्स से कहना चाहता हूं कि उस नदी को कन्ट्रोल करें । उस पर केवल 80 करोड़ रुपया खर्च आएगा । अगर इतना रुपया सेन्ट्रल गवर्नमेंट खर्च कर दे तो हम सारे बंगाल को चावल खिला सकते हैं ।

सभापति जी, फूड और एग्रीकल्चर की प्राब्लम है । यह इस देश की बड़ी समस्या है । 80 परसेंट लोग गांवों में बसते हैं । अन्न के लिए सारे देश में हाहाकार मचता है । इसको देख कर हमारी नयी गवर्नमेंट ने क्या किया ? हमने गांव गांव में जनता को आश्वासन दिया कि तुम्हारे गेहूं का दाम चरणसिंह दिलवाएगा, तुम्हारे गन्ने का दाम चरणसिंह दिलवाएगा । जब 105 रुपये क्विंटल दाम था तो मैंने चरण सिंह जी के कान में कहा कि हमने उनके दाम बढ़ाने का आश्वासन उन्हें दिया है और उसी पर उनसे वोट मांगे हैं तो गेहूं का दाम 110 रुपये क्विंटल हुआ । दूसरा काम इस गवर्नमेंट ने यह किया कि कण्ट्रोल को रिवोक किया । हमने गेहूं को फ्री कर दिया । आपने इसको बन्द कर रखा था । गेहूं का एक जगह से दूसरी जगह जाना मुश्किल था । आपने सबको बन्द कर रखा था । इसके लिए गवर्नमेंट बधाई के पात्र हैं ।

अब मैं सिंचाई के बारे में कहना चाहता हूं । पिछली गवर्नमेंट ने गांव गांव में ट्यूबवेल खुदवाये । यह गलत काम नहीं था । लेकिन इन ट्यूबवेलों को बिजली 24 घंटे में आध घंटे मिलती । शहरों में एयर कंडीशनर चलते, पंखे चलते । अध्यक्ष महोदय हमसे

तीन रुपये से पन्द्रह रुपये फी होर्स पावर वसूल किया जाता । हर महीने हमें 117 रु० 8 आने जमा करना पड़ता है । हम कंज्यूमर हैं, हम बिजली कंज्यूम करते हैं लेकिन हमें बिजली नहीं मिलती । अब कहां से हम टैक्सेशन दें, कहां से हम बिजली का दाम दें ।

गन्ने का दाम सवा बारह रुपये क्विंटल हमको मिला है । जबकि एक क्विंटल में दस किलो होती है । दस किलो चीनी के पचास रुपया मिल मालिक को मिलते हैं । हमको सवा बारह रुपये और मिल-मालिक को पचास रुपये । कितना मुनाफा । मैं अपनी गवर्नमेंट से कहना चाहता हूं कि किसान को गन्ने का सही दाम दिया जाए । मैं यह भी कहता हूं कि चीनी को डीकंट्रोल किया जाए । क्यों इसको फोरन में भेजा जाता है ? आप इसको अमेरिका में दो रुपया किलो में बेचते हैं और गांव में यह पांच रुपये किलो में मिलती है । आपको पैसा चाहिए तो आप अपने मुल्क वालों से लीजिए । हम अपने लोगों को उपवास करायें तथा दूसरों लोगों को चीनी दें । यह इंदिरा गांधी की गवर्नमेंट का नमूना है । मैं इस गवर्नमेंट से कहना चाहता हूं कि पहले अपने मुल्क को को खिलाओ तब अगर बचे तो इसे बाहर भेजो । गन्ने का लाखों रुपया मिल मालिकों के पास बाकी है । मैं कहना चाहता हूं कि इसको वसूल करके किसानों को दिया जाए । किसानों ने हमको पांच साल का टाइम दिया है । पांच साल का समय असेम्बली में दिया है और पार्लियामेंट भी में पांच साल का समय देकर हमें थम्पिंग मेजोरिटी में भेजा है । इसलिए हमें किसानों के लिए बहुत कुछ करना है ।

अब मैं शिक्षा पर आता हूं । मैं शिक्षा मन्त्री से निवेदन करना चाहता हूं कि पुरानी पालिसी को चेंज करो, नयी पालिसी लाओ । मुल्क में हर जगह पर चाहे वह पंजाब हो, चाहे असम हो, चाहे कश्मीर हो, एक ही करीकुलम हो । सारे मुल्क में शिक्षा का एक करीमकुलम होना चाहिये । बंगाल, असम, काश्मीर देश का कोई भी भाग हो वहां पर एक प्रकार का करीकुलम होना चाहिए ।

दिल्ली के नतीजे निकले हैं । यह खबर निकली है कि कई हजार बच्चों को एडमीशन नहीं मिल पाएगा । सबको एडमीशन मिलना चाहिये । जब कालेज खुलेंगे तो इस कारण से जुलाई में हंगामा न मचे इसका आपको प्रबन्ध करना चाहिए । हड़तालें हों, बकवास हो यह नहीं होना चाहिये । हम लोगों ने फ्रीडम आफ स्पीच दी है, इस वास्ते सामने बैठे हुए माननीय सदस्य ललकार रहे हैं । इंदिरा जी के राज में इनकी बोलती बन्द थी । ये बोल नहीं सकते थे । राम और रावण की सीता की वजह से लड़ाई हुई । द्रोपदी की वजह से महाभारत हुआ था । इन्दिरा जी के सामने ये सब नपुंसक हो गए थे । ये बोल नहीं सकते थे । नसबन्दी जब शुरू हुई तब क्या.....

MR. CHAIRMAN: The Minister of Parliamentary Affairs has to make a statement on behalf of the Home Minister. You continue tomorrow.

Now Minister of Parliamentary Affairs will make a statement.

17.55 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE—*Contd.*

PROCLAMATION REVOKING PRESIDENT'S RULE IN HIMACHAL PRADESH

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): On behalf of Shri Charan Singh, I beg to lay on the Table a copy of the Proclamation (Hindi and English versions) dated the 22nd June, 1977 issued by the Vice-President acting as President under clause (2) of article 356 of the Constitution revoking the Proclamation issued by him on the 30th April, 1977 in relation to the State of Himachal Pradesh, published in Notification No. G.S.R. 391(E) in Gazette of India dated the 22nd June, 1977, under article 356(3) of the Constitution. [*Placed in Library. See* No. LT-469A/77].

STATEMENT *RE.* POWER SHEDDING IN DELHI AND THE CLOSURE OF UNIT NO. 1 IN BADARPUR THERMAL POWER STATION

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI P. RAMACHANDRAN): A section of the workers of Badarpur Termal Power Project went on a lightning strike on the morning of 18th June. As a result, the only machine of 100 MW which was in operation had to be stopped. The demands raised by the workers related to matters pertaining to recognition of the Union, improvement in pay and allowances, regularisation of Muster Roll and work-charged employees and re-instatement of some dismissed employees, etc.

The power requirements of Delhi are met by generation from the stations of Delhi Electric Supply Undertaking supplemented by generation from Badarpur Thermal Power Station. The total stoppage of generation from Badarpur has aggravated the power shortage in Delhi necessitating recourse to load-shedding.

The situation has been generally peaceful and I am glad to inform the House that thanks to the intervention of my colleague Shri Ravindra Varma, Minister for Labour and Parliamentary Affairs, an understanding has been reached between the Management and the workers. The strike has since been called off, and steps have been initiated to re-start the unit.

श्री हुक्म चन्द कछवाय (उज्जैन) : जो वक्तव्य मन्त्री महोदय ने रखा है उसको रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती अगर जिन कारणों से हड़ताल हुई थी उनको दूर कर दिया जाता । हड़ताल का पहले से नोटिस दिया गया था । उनकी कुछ समस्यायें थीं, मांगें थीं । इस सरकार ने जानबूझ कर उन मांगों को मंजूर नहीं किया और उन लोगों को मजबूर होकर हड़ताल पर जाना पड़ा । सरकार को इस कारण से काफी क्षति उठानी पड़ी है । मजबूर होकर उन लोगों को यह कदम उठाना पड़ा है । भविष्य में ऐसा नहीं होना चाहिए । जब कभी हड़ताल का नोटिस आए, जब कभी मजदूरों की कोई जायज मांगें हों सरकार को उनके साथ समझौता वार्ता करके उनको हल कर लेना चाहिये ।

MR. CHAIRMAN: You please meet the hon. minister tomorrow and then say what you want to say.

SHRI SAUGATA ROY (Barrackpore): There is only an inner contradiction between the members of ruling party.

We are not getting water in the M.Ps flats in the North Avenue since this morning. I bring it to the notice of the Minister of Energy. Mr. Kachwai is talking of a strike.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): Hon. members are not allowed to raise questions after the statement is made by the Minister. I hope you are not allowing a departure from the practice.

चौधरी बलवीर सिंह (होशियारपुर) : आप कांग्रेस वालों को कहें कि जो फ्लैट्स उन्होंने रखे हुए हैं उनको वे छोड़ दें । यह उनका मार्किट रेंट दे सकते हैं क्योंकि इनके पास हराम की कमाई है । हमें मकान नहीं मिल रहे हैं ।

18 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, June 23, 1977/Asadha 2, 1899 (Saka).

GMGIPND—L—771LS—998